NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
सत्यता व निष्पक्षता का पंचम वर्ष
www.nnindianews.com
वर्ष : 05, अंक :-85, पृष्ठ : 12 | मंगलवार, 30 सितम्बर, 2025 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र

## बीजेपी नेता विजय कुमार मल्होत्रा का निधन

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के वरिष्ठ नेता विजय कुमार मल्होत्रा का मंगलवार सुबह दिल्ली के एम्स अस्पताल में 93 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। पार्टी की तरफ से जारी बयान के मुताबिक कल



यानी 1 अक्टूबर को दोपहर बाद उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। वह बीमार चल रहे थे और दिल्ली एम्स में उनका इलाज चल रहा था। दिसंबर 1931 में लाहौर में जन्मे विजय कुमार मल्होत्रा दिल्ली से पांच बार सांसद और दो बार विधायक रह चुके थे। वे 1972 से 1975 तक दिल्ली जनसंघ के अध्यक्ष रहे और इसके बाद दो बार भाजपा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष (1977-80 और 1980-84) के पद पर भी रहे। विजय मल्होत्रा के निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख व्यक्त किया। उन्होंने अपने सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर पोस्ट कर कहा कि जीवनपर्यंत जनसेवा में समर्पित रहे भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय कुमार मल्होत्रा के निधन से गहरा दुख हुआ है। वे जमीन से जुड़े ऐसे नेता थे, जिन्हें जनता के मुद्दों की गहरी समझ थी। दिल्ली में पार्टी को सशक्त बनाने में उन्होंने अहम भूमिका निभाई।

# भेड़ियों की दहशत

## बहराइच में देर रात पति-पत्नी को जिंदा चबाया



**बहराइच।** मंझारा तौकली ग्राम पंचायत में देर रात भेड़ियों ने फिर कहर बरपाया। गांव प्यारे पुरवा में अहाते में सो रहे बुजुर्ग दंपती पर भेड़ियों ने हमला कर उन्हें जिंदा चबा लिया। घटना में पति-पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, देवनाथ पुरवा और भृगु पुरवा में भेड़ियों के हमले से महिला समेत दो लोग घायल हुए हैं। लगातार हो रहे हमलों से गांवों में दहशत का माहौल है।

**घर से 200 मीटर दूर सो रहे थे**

पुरवा निवासी खेदन (70) पुत्र जनार्दन और उनकी पत्नी मनकी (65) रोज की तरह सोमवार रात घर से करीब 200 मीटर दूर बने अहाते में सो रहे थे। आधी रात लगभग 1 से 2 बजे के बीच भेड़ियों का झुंड वहां आ पहुंचा। सोते समय ही दंपती पर हमला कर दिया। दोनों के हाथ-पांव और शरीर के कई हिस्सों को भेड़िये चबा गए। गले और चेहरे पर गहरे जख्म मिले।

**गांव वालों पर भी किया हमला**

सुबह देर तक दंपति घर नहीं पहुंचे तो उनका बेटा झब्बर खोजते हुए अहाते पहुंचा। वहां मां-बाप के क्षत-विक्षत शव देखकर उसकी चीख निकल गई। गांव के लोग इकट्ठा हुए तो सभी सन्न रह गए। ग्रामीणों का कहना है कि गन्ने के खेतों में भेड़ियों का झुंड घूमता देखा गया है। इसी रात भेड़ियों ने देवनाथ पुरवा की सेबरी (30) और भृगु पुरवा के रामू पर भी हमला कर उन्हें घायल कर दिया। दोनों का इलाज जारी है।

गांव में फैली दहशत को देखते हुए लोग रात में जागकर पहरा दे रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि सूचना देने के बावजूद अभी तक वन विभाग का कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा है। डीएफओ राम सिंह यादव दो दिन से न मीडिया से बात कर रहे हैं और न ही फोन रिसीव कर रहे हैं। बिलखते हुए मां ने कहा कि हमला भेड़िये ने किया। कुछ ग्रामीणों का दावा है कि उन्होंने तेंदुए को देखा है। वन विभाग अभी तक पक्के तौर पर कुछ कह नहीं पा रहा है। 10 मार्च 2024 से अब तक जिले में भेड़ियों के 80 से अधिक हमले हो चुके हैं।

### बिहार में राजनीतिक सरगर्मी

## भाजपा महासचिव विनोद तावड़े के साथ उपेंद्र कुशवाहा से मिले पवन सिंह



**पटना।** भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार पवन सिंह ने मंगलवार को भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े से मुलाकात की। सांसद उपेंद्र कुशवाहा के आवास पर हुई इस बैठक की कई तस्वीरें वायरल हो रही हैं। तावड़े ने बैठक के बाद कहा कि पवन जी भाजपा में ही हैं। आदरणीय उपेंद्र कुशवाहा जी ने उन्हें शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया है। आने वाले दिनों में पवन जी सक्रियता से एनडीए के लिए काम करेंगे, भाजपा के कार्यकर्ता के तौर पर। कुछ समय पहले ही भाजपा नेता आरके सिंह ने कहा था कि पवन सिंह को पहले भाजपा से टिकट दिया गया था, फिर चुनाव लड़ने से मना कर दिया गया और कहीं और से भी टिकट नहीं मिला। यह सुनकर थोड़ा दर्द हुआ। इसलिए मेरा मानना है कि पवन सिंह को फिर से भाजपा में शामिल हो जाना चाहिए। आरके सिंह के इस बयान के बाद से यह अटकलें थीं कि पवन सिंह भाजपा से पूरी तरह से नाता तोड़ चुके हैं।



# रसूख दिखाना चाह रहा था तौकीर रजा

## बरेली हिंसा में गिरफ्तार पूर्व जिलाध्यक्ष नदीम ने खोले बड़े राज

**बरेली।** इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल (आईएमसी) प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां शुक्रवार की नमाज के बाद इस्लामिया मैदान में बड़ी संख्या में भीड़ जुटाकर अपना रसूख दिखाना चाह रहा था। आगामी विधानसभा चुनाव के लिए कमर कस रहे राजनीतिक दलों को भी अपना दमखम दिखाना था। पूछताछ में आईएमसी के पूर्व जिलाध्यक्ष नदीम खां ने पुलिस को यह जानकारी दी।



नदीम खां ने पुलिस को बताया कि डेढ़ साल से मौलाना तौकीर अपने बूते बरेली में बड़ी संख्या में भीड़ नहीं जुटा पाया था। मौलाना की फितरत के अनुसार एक अरसे से बरेली में कुछ हो भी नहीं रहा था।

इस वजह से वह अपने रसूख को लेकर फिक्रमंद रहने लगा था। आई लव मोहम्मद का संवेदनशील मसला कानपुर से उठा तो मौलाना को लगा कि मजहब की आड़ में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मुसलमानों के बीच पैठ बनाकर वह उनका रहनुमा बन सकता है।

साथ ही, 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक दलों को भी अपने सियासी रसूख का अहसास करा सकता है। खुद को मुस्लिमों का रहनुमा बताकर ही तौकीर समय-समय पर कांग्रेस, सपा और बसपा के करीब रहा है। बरेली से बड़ा संदेश देने और सियासी रसूख के चक्कर में ही उसने बवाल की साजिश रच डाली। अगर मौलाना अपनी मंशा में कामयाब हो जाता तो एक बार फिर नौ फरवरी 2024 की तरह ही उसकी तकरीर भड़काऊ होती।

आईएमसी का पूर्व जिलाध्यक्ष नदीम खां जेल जाने से पहले कई राज उगल गया। उसने प्रदर्शन के दिन की गई खुराफात की असलियत बता दी। ये भी बताया कि प्रदेश मीडिया प्रभारी लियाकत खां के फर्जी हस्ताक्षर उसने और नफीस ने तीसरे शख्स से कराकर पुलिस को पत्र सौंप दिया था। एसएसपी अनुराग आर्य के मुताबिक, पूछताछ में नदीम ने बताया कि रात में पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों से उसने व नफीस ने बात की थी। इसके बाद फोन कॉल पर मौलाना तौकीर से रायशुमारी के बाद ही कार्यक्रम स्थगित करने की बात लिखकर दी थी।

जब यही पत्र उनकी पार्टी के ग्रुप में आया तो मौलाना ने लियाकत खां के नाम व मौजूदगी पर ऐतराज जता दिया। तब उसने और प्रवक्ता डॉ. नफीस ने पत्र को डिलीट करके फर्जी करार दे दिया। सुबह मौलाना ने पत्र फर्जी होने की बात का वीडियो वायरल कर इस पर मुहर लगा दी।

पुलिस को नदीम से पूछताछ में जानकारी मिली कि मौलाना के खास गुर्गों के दो गुट काफी समय से बने हुए थे। एक गुट में नदीम व नफीस थे और दूसरे में मुनीर इदरीशी, अनीस सकलैनी व अहसानुल हक उर्फ चतुर्वेदी थे। जो गुट मौलाना के करीब होता था, दूसरा गुट उसके खिलाफ मौलाना को भड़काता था।

नदीम के मुताबिक, इन दिनों मौलाना उसकी और नफीस की बात ज्यादा मान रहे थे। इसीलिए जब उन दोनों ने मौलाना से सहमति लेकर पत्र जारी किया तो मुनीर के गुट ने मौलाना को भड़का दिया। कहा कि लियाकत का नाम बिना मौजूदगी के लिख दिया है, वहीं अफसरों से ये लोग ज्यादा करीबी दिखा रहे हैं। तभी मौलाना ने पत्र को फर्जी बताने व आयोजन कराने की जिद पकड़ ली।

मौलाना तौकीर को हाउस अरेस्ट कर पुलिस ने कार्रवाई शुरू की तो नदीम शाहजहांपुर के कटरा क्षेत्र में अपने मामा के घर भाग गया था। पुलिस की पूछताछ में नदीम ने कहा कि बवाल के लिए लोगों को इकट्ठा करने में उसकी अहम भूमिका नहीं है। भीड़ जुटाने में अहम भूमिका मुनीर इदरीशी और नफीस की रही है। वह तो इस्लामिया मैदान की ओर जा रहे लोगों को शांत कराने के लिए लोगों को कॉल कर रहा था। मौलाना को भी उसने समझाया था कि प्रशासन अनुमति नहीं दे रहा है तो इस्लामिया मैदान नहीं जाना चाहिए। नदीम बवाल का एक अहम आरोपी है। उससे पूछताछ में पुलिस को अहम जानकारियां मिली हैं। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी और दर्ज मुकदमों की विवेचना में काफी मददगार साबित होंगे।



### हाथ जोड़कर बोले आरोपी- नहीं करेंगे पत्थरबाजी

प्रेसवार्ता के बाद आरोपियों को पुलिस लाइन से कोर्ट और फिर वहां से जेल भेज दिया गया। इस दौरान आरोपियों ने हाथ जोड़कर माफी मांगी कि भविष्य में पुलिस पर पथराव व बवाल जैसी कोई गलती नहीं करेंगे। हालांकि, इस दौरान नदीम ने हाथ नहीं जोड़े। लोगों ने टोका तो भी वह अकड़ दिखाता रहा। कोतवाल अमित पांडेय ने नदीम को आंखें दिखाईं तो उसने हाथ थोड़ा ऊपर कर दिया।

## प्रयागराज से शुरू होगी भारतीय सनातन संस्कृति संपर्क यात्रा

### बाबा अनल और अम्मा मधु अनल विजयदशमी को चंद्रशेखर पार्क से शुरू करेंगे यात्राा

**प्रयागराज।** अमेरिका के लास वेगास शहर से पधारे स्वामी बाबा अनल एवं अम्मा मधु अनल भारतीय सनातन संस्कृति संपर्क यात्रा का शुभारंभ विजयदशमी को श्री चंद्रशेखर आजाद पार्क प्रयागराज से अपराह्न 2:07 बजे से करेंगे यात्रा, का पहला पड़ाव फतेहपुर होगा।

यह यात्रा उत्तर प्रदेश के सभी 75 जिलों (शहर, कस्बा, गांव) में कम से कम एक धार्मिक, आध्यात्मिक, सामाजिक स्थल पर यज्ञ /हवन का अनुष्ठान, संवाद एवं संपर्क करते हुए 5 जनवरी 2026 को संभल पहुंचकर यात्रा के प्रथम चरण का समापन करेंगे।

यात्रा के मीडिया संयोजक डॉ दिवाकर तिवारी ने बताया कि स्वामी अनल अमेरिका में प्रवास कर अमेरिकन हिंदू एसोसिएशन आनंद उत्सव मंदिर के माध्यम से भारत से अमेरिका आने वाले सनातनी हिंदू एवं अमेरिका के प्रवासी हिंदुओं की सहायता एवं सहयोग 25 वर्षों से समर्पण भाव से कर रहे हैं।

भारतीय सनातन संस्कृति संपर्क यात्रा प्रारंभ होने से पूर्व 24 घंटे अखंड चंडी हवन का अनुष्ठान स्वामी जी करेंगे। यह यज्ञ/ हवन प्रयागराज के अति प्राचीन मंदिर श्री हनुमान सेवा समिति बरगद घाट मीरापुर प्रयागराज उत्तर प्रदेश पर संपन्न होगा।

भारतीय सनातन संस्कृति संपर्क यात्रा का उद्देश्य भारत माता की सेवा के लिए स्वामी बाबा अनल एवं अम्मा ने भारत के सभी प्रांतो एवं केंद्र शासित राज्यों में सनातन धर्म एवं सनातन संस्कृति को नष्ट करने तथा भारत देश को तोड़ने का कुत्सित षड्यंत्र जो पूरी दुनिया में चल रहा है उसे जनमानस तक पहुंचा कर उन्हें सावधान करने एवं सतर्क रहने तथा हर हाल में हिंदू एकता बनाए रखकर संगठित रहने का संदेश देने का एक प्रयास है। प्रयागराज में होने वाले इस अभूतपूर्व अविस्मरणीय यज्ञ/हवन एवं भारतीय सनातन संस्कृति संपर्क यात्रा के व्यवस्था सहयोगी प्रयागराज निवासी निधि एवं अतुल अग्रवाल है।

## खांसी के सिरप से सीकर में बच्चे की मौत

### ड्रग कंट्रोलर ने रोकी सप्लाई

**जयपुर।** राजस्थान में बच्चों को दी जा रही खांसी की दवा से साइड इफेक्ट के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। भरतपुर और सीकर के बाद अब राजधानी जयपुर में भी एक दो साल की बच्ची की तबीयत बिगड़ने का मामला सामने आया है, जिसे सोमवार को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। बच्ची को भी वही खांसी की दवा डेक्सट्रोमेथॉरफन हाइड्रोब्रोमाइड सिरप दी गई थी, जो हाल ही में भरतपुर और श्रीमाधोपुर (सीकर) में बीमार बच्चों को दी गई थी। इन सभी मामलों के सामने आने के बाद चिकित्सा विभाग ने तत्काल इस दवा की सप्लाई को होल्ड कर दिया है।

दवा के साइड इफेक्ट के मामले ने तब तूल पकड़ा जब सीकर के खोरी ब्राह्मणान गांव में 5 साल के नितियांस की खांसी की दवा पीने के बाद तबीयत बिगड़ी और बाद में अस्पताल में उसे मृत घोषित कर दिया गया। इसके बाद से दवा को लेकर कई तरह के सवाल खड़े हो रहे हैं।

## 'इजरायल 1 बंधक के बदले 15 फिलिस्तीनियों को रिहा करेगा'



**वाशिंगटन डीसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने गाजा में 2 साल पुराने संघर्ष को समाप्त करने के लिए पीस प्लान जारी किया है। इजरायल इस प्लान पर सहमत हो गया है। इस प्लान में कहा गया है कि समझौता लागू होने के 72 घंटे के भीतर हमास सभी बंधकों को वापस करेगा, वो जीवित या मृत किसी भी अवस्था में हों उन्हें इजरायल को सौंपा जाएगा। इसके बाद इजरायली सेना एक सहमति रेखा तक वापस लौट जाएंगी। गाजा को पूरी तरह से से हमास से मुक्त कर दिया जाएगा। गाजा में हमास या फिलिस्तीन किसी का भी शासन नहीं चलेगा बल्कि एक अलग इंटरनेशनल बॉडी इसके विकास करेगी। गाजा में कोई मिलिट्री नहीं रहेगी। हमास के हथियार और प्रोडक्शन क्षमताएं खत्म की जाएंगी। इस प्रस्ताव पर सहमति के साथ ही युद्ध समाप्ति हो जाएगी। साथ ही चेतावनी भी दी गई है कि अगर हमास इस प्रस्ताव को नहीं मानता है या बाद में इसका उल्लंघन करता है तो इजरायल उसे खत्म करने के लिए जो भी कदम उठाएगा, अमेरिका उसका पूरा समर्थन करेगा। इससे पहले बेंजामिन नेतन्याहू ने हमले के लिए कतर से माफी मांगी। उन्होंने व्हाइट हाउस से कतर के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल-थानी को फोन किया। इजराइली सेना ने 9 सितंबर यानी 20 दिन पहले दोहा में हमास चीफ खलील अल-हय्या को निशाना बनाकर हमला किया था।

## कनाडा सरकार ने बिश्नोई गैंग को घोषित किया आतंकी संगठन

**टोरंटो।** कनाडा की सरकार ने लॉरेंस बिश्नोई गैंग के खिलाफ कड़ा एक्शन लिया है। कनाडा सरकार ने बिश्नोई गैंग को एक आतंकवादी संगठन के रूप में सूचीबद्ध कर दिया है। कनाडा के जन ??सुरक्षा मंत्री गैरी आनंदसांगरी ने सोमवार को इस कार्रवाई के बारे में जानकारी दी है। बिश्नोई गैंग पर कनाडा में किसी खास समुदाय को निशाना बनाकर भय और धमकी का माहौल बनाने का आरोप लगाया गया है।

कनाडा सरकार की ओर से जारी की गई जानकारी के मुताबिक, बिश्नोई गैंग पर ये कार्रवाई कनाडा की आपराधिक संहिता के तहत की गई है। अब आतंकी संगठन घोषित किए जाने के बाद कनाडा में बिश्नोई गैंग के स्वामित्व वाली कोई भी चीज, संपत्ति, वाहन, धन को फ्रीज या जब्त किया जा सकता है। इसके साथ ही आतंकी संगठन घोषित किए जाने के बाद बिश्नोई गैंग के खिलाफ कनाडाई कानून प्रवर्तन को आतंकवादी अपराधों के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए और अधिक शक्ति मिलेगी।

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित। **RNI Registration No., UPHIN/2021/88376**। प्रधान संपादक अरविन्द सिंह। चेयरमैन-स्वतंत्र कुमार। प्रबंध निदेशक ब्रजेश सिकरवार। E MAIL newsnextindia1@gmail.com, Website:-www.nnindianews.com
(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )



## अष्टमी के दिन मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़, महागौरी के जयकारों से गूंजा प्रांगण

एनएनआई

**आगरा।** देशभर में नवरात्रि के पर्व की जबरदस्त धूम है। माता के विभिन्न रूपों की पूजा के लिए भक्तों का सैलाब माता के मंदिरों में पहुंच रहा है। आज नवरात्र का आठवां दिन है, जब भक्त माता महागौरी की पूजा अर्चना कर रहे हैं। इस विशेष अवसर पर आगरा के चामुंडा देवी मंदिर सहित सभी देवी मंदिरों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी है। शारदीय नवरात्र के अष्टमी पर मंगलवार को माता के मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ पहुंची। सुबह 5:00 से ही भक्त माता रानी के दर्शन करने के लिए लंबी-लंबी कतारों में लगे हुए हैं। माता रानी के जयकारों से मंदिर प्रांगण गूंजायेमान हो रहा है।

विशेष रूप से आज, जब माता महागौरी की पूजा हो रही है तो भक्त अपने श्रद्धा भाव के साथ लाइनों में खड़े होकर माता के दर्शन करने का प्रयास कर रहे हैं।

## फिरोजाबाद में रिटायर्ड सीडीओ की बेटी फंदे से लटकी

एनएनआई

**फिरोजाबाद।** प्रेमी के शादी का दबाव बनाने से परेशान 18 साल की लड़की ने फंदे से लटककर जान दे दी। सुबह उसका शव कमरे में मिला। घरवालों ने पड़ोस में रहने वाले युवक पर बेटी को परेशान करने का आरोप लगाया है।

पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर सीसीटीवी फुटेज खंगाले। मामला टापा कला स्थित बोधाश्रम रोड का है। वहीं, एसपी का कहना है कि लड़की उसी लड़के से शादी करना चाहती थी। लेकिन, लड़के के मना करने पर जान दे दी।

बोधाश्रम रोड पर युवती दिशा रावत (18) अपने परिवार के साथ रह रही थी। अभी वह क्लास-11 में पढ़ाई कर रही थी। घर में मां लता रावत, 2 छोटी बहनें शिखा और आकांक्षा हैं। पिता की मौत के बाद नाना अनिल कुमार और नानी उर्मिला भी इन्हीं लोगों के साथ रहते हैं। पिता सीडीओ से पद से रिटायर हुए थे दिशा के पिता टीकाराम रावत की मौत साल-2019 में कैंसर से हो गई थी। 2007 में वह परियोजना निदेशक रहे थे। संभल में सीडीओ रहते हुए वह रिटायर हुए थे। मौत के बाद उनकी पेंशन से परिवार का खर्च चलता था। बताया जा रहा है, घर से



800 मीटर दूर की रहने वाले अभिषेक नाम के लड़के से दिशा का अफेयर था। पहले दोनों ने अपने घर पर शादी की बात की, लेकिन वो लोग तैयार नहीं थे। इसके बाद दिशा ने लड़के से शादी से इनकार कर दिया। शादी का दबाव बना रहा था अभिषेक अभिषेक, दिशा पर शादी करने का लगातार दबाव बना रहा था। कई बार घर पर आकर हंगामा भी किया था। आरोप है कि रविवार रात भी अभिषेक और उसकी मां ने दिशा को धमकाया था। इन लोगों के जाने के बाद दिशा की अपने घरवालों से भी कहासुनी हो गई। इसी से परेशान होकर रात में किसी समय दिशा ने फंदे से लटककर जान दे दी।

## जीआरपी ने जंक्शन से पकड़े तीन शातिर

एनएनआई

**मथुरा।** जीआरपी ने मथुरा जंक्शन स्टेशन से 3 शातिर चोरों को पकड़ा है। शातिर चोर पलक झपकते ही यात्रियों का सामान पार कर देते हैं। या फिर उनसे छीनकर भाग जाते हैं। तीनों शातिरों से जीआरपी ने मोबाइल फोन, घड़ी और सोने की अंगूठी बरामद की है।

पकड़े गए युवकों में औरैया के दिबियापुर निवासी विकास अवस्थी उर्फ पंडित, डैंपियर नगर निवासी असर उर्फ अल्तमस और ग्वालियर की जवाहर कॉलोनी में रहने वाला अभिनय शामिल हैं। थाना जीआरपी प्रभारी निरीक्षक यादराम सिंह ने बताया कि पकड़े गए युवकों में विकास अवस्थी पहले वेंडर का काम करता था। इसलिए उसे रेलवे के बारे में जानकारी रहती है।

अपराध करने का तरीका भी पूरी तरह से प्रोफेशनल था। उन्होंने बताया कि विकास अवस्थी को इसकी जानकारी रहती थी कि गाड़ी कहां धीमी होती है। बस तभी वह अपराध को अंजाम देते थे। इसके अलावा तीनों शातिर टिकट लेकर ट्रेन में सवार होते थे। थाना प्रभारी ने बताया कि तीनों अपराधी आदतन अपराधी हैं।

# बांकेबिहारी मंदिर में दर्शन का समय बदला


### तीन घंटे ज्यादा दर्शन देंगे ठाकुरजी

एनएनआई

**मथुरा।** नवरात्र में अष्टमी यानी आज से श्री बांकेबिहारी अपने भक्तों को करीब तीन घंटे ज्यादा दर्शन देंगे। हाईपावर्ड कमेटी के आदेश पर मंदिर में दर्शन का समय आज से बढ़ जाएगा। हाईपावर्ड कमेटी की बैठक में इस बार अध्यक्ष के तेवर कुछ सख्त दिखे। उन्होंने साफ शब्दों में अधिकारियों से कहा कि कमेटी के हर आदेश का सख्ती से पालन कराया जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि पिछले दिनों बाढ़ और राष्ट्रपति के आने से विलंब हुआ, लेकिन अब काम का समय है। अब लापरवाही की तो रिपोर्ट ऊपर भेजी जाएगी।

सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित श्रीबांकेबिहारी मंदिर हाईपावर्ड कमेटी की सोमवार को बैठक हुई। कमेटी के अध्यक्ष हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज अशोक कुमार ने कमेटी के सचिव जिलाधिकारी सीपी सिंह से पूर्व मीटिंग में दिए गए आदेशों के क्रियान्वयन की चर्चा की तो प्रशासनिक अधिकारियों ने कहा कि कुछ समय पहले वृंदावन सहित मथुरा जिले के कई हिस्सों में बाढ़ थी और फिर राष्ट्रपति का कार्यक्रम। इस नाते पुलिस प्रशासन के अधिकारी व्यस्त रहे।

इस पर रिटायर्ड जज ने कहा, यह तो समस्या थी, लेकिन मंदिर की हालात सुधारने का समय आ गया है।



सबसे पहले उन्होंने समय बढ़ाने के आदेश पर सख्ती की और उसे मीटिंग के अगले दिन से ही लागू करने के आदेश दिए। मंगलवार को अष्टमी से बदले समय के साथ मंदिर में दर्शन होंगे।

रिटायर्ड जज अशोक कुमार ने बताया कि उन्हें जानकारी मिली है कि अभी भी वीआईपी पर्ची सिस्टम चालू है। उन्होंने एसएसपी और सेवायतों से कहा कि इसे तुरंत ही बंद कराएं। वहीं मंदिर के निमार्णाधीन हिस्से की अनियमितताओं की जांच के लिए एक टीम का गठन किया और जांच के लिए समय सीमा का निर्धारण किया है। टीम को हर हाल में 13 अक्तूबर को जांच रिपोर्ट सौंपनी होगी।

श्री बांकेबिहारी मंदिर में समय बदलाव को लेकर कुछ सेवायतों ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। इस विषय पर रिटायर्ड जज अशोक कुमार ने कहा कि अधिवक्ता हैं तो नियम जानकर ही कार्य करें। सुप्रीम कोर्ट के आदेश की कॉपी को एक बार पढ़ लें कि हाईपावर्ड कमेटी पर क्या-क्या अधिकार हैं। जब पढ़ लेंगे तो वह दोबारा कुछ नहीं कह पाएंगे।

**यह होगा नया समय**

अब नए समय के अनुसार सुबह सात बजे से 12:30 बजे तक और शाम को 4:15 बजे से 9:30 बजे तक मंदिर में दर्शन होंगे। वहीं सुबह की श्रृंगार आरती 7:10 बजे, राजभोग आरती 12:25 बजे और शयन आरती रात 9:25 बजे होगी।

## वंदे भारत एक्सप्रेस हाथरस जंक्शन पर रुकी

### तकनीकी खराबी से सिग्नल फेल होने पर खड़ी रही ट्रेन

एनएनआई

**हाथरस।** जंक्शन रेलवे स्टेशन पर दिल्ली से बनारस जा रही 22436 वंदे भारत एक्सप्रेस अचानक रुक गई। सिग्नल न मिलने के कारण ट्रेन करीब एक मिनट तक स्टेशन पर खड़ी रही। यह तकनीकी दिक्कत आज मंगलवार की सुबह से हो रही बारिश के दौरान बिजली चमकने से सिग्नल के कुछ फ्यूज उड़ने के कारण आई थी। ट्रेन को मैन्युअल सिग्नल के आधार पर हाथरस जंक्शन स्टेशन तक लाया गया और एक मिनट रुकने के बाद कानपुर के लिए रवाना कर दिया गया।

इस तकनीकी खराबी के कारण



वंदे भारत एक्सप्रेस सहित करीब चार अन्य ट्रेनों को भी मैन्युअल सिग्नल के जरिए रवाना किया गया। आरपीएफ प्रभारी डीपी सिंह ने बताया कि वंदे भारत को एक मिनट रोकने के बाद आगे भेज दिया गया है और यातायात पूरी तरह से सामान्य है।

# आय से अधिक संपत्ति के आरोपों में घिरे एक्सईएन, एई और निबंधन लिपिक

एनएनआई

**आगरा।** लोक निर्माण विभाग खंड-2 के अधिशासी अभियंता गजेंद्र कुमार वार्ष्णेय, सहायक अभियंता सुरजीत कुमार और रजिस्ट्री दफ्तर में तैनात निबंधन लिपिक सोबरन सिंह आय से अधिक संपत्ति के आरोपों में घिर गए हैं। एक्सईएन और एई के विरुद्ध विजिलेंस जांच शुरू हो गई है। वहीं निबंधन लिपिक के विरुद्ध शासन ने सहायक महानिरीक्षक निबंधन को जांच सौंपी गई है।

एसपी विजिलेंस आलोक कुमार शर्मा ने एक्सईएन और एई से उनके पैन नंबर, आधार कार्ड, सेवा पुस्तिका और घोषित संपत्तियों का ब्यौरा तलब किया है। डिप्टी एसपी नईम खान मंसूरी जांच अधिकारी हैं। एक्सईएन व एई पर पद का दुरुपयोग करते हुए आय से अधिक संपत्तियां एकत्र करने के आरोप हैं। 28 अगस्त 2024 को विजिलेंस ने पीडब्ल्यूडी दफ्तर से सवा लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए आरोपी एई सुरजीत सिंह को गिरफ्तार किया था।

ट्रैपिंग में विजिलेंस ने एक्सईएन को भी आरोपी बनाया था। करीब 42 दिन जेल में निरुद्ध रहने के बाद एई को जमानत मिली थी। मार्च 2025 में एई को फिर से निर्माण खंड-2 में तैनाती मिल गई। आरोप है कि भ्रष्टाचार के गंभीर मामले के बावजूद एक्सईएन और एई पर पीडब्ल्यूडी के आला अफसर मेहरबान रहे। उन्हें पद से नहीं हटाया। उधर, आगरा विकास प्राधिकरण में भी कई अधिकारियों की आय से अधिक संपत्तियों की विजिलेंस जांच चल रही है। फतेहपुर सीकरी से भाजपा विधायक चौधरी बाबूलाल ने निबंधन लिपिक सोबरन सिंह पर भूमाफिया से मिलकर स्टांप चोरी, सरकारी अभिलेखों में हेराफेरी और आय से अधिक संपत्तियां अर्जित करने की शिकायत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से की गई थी। इसके बाद महानिरीक्षक निबंधन नेहा सिंह के आदेश पर उप महानिरीक्षक निबंधन मुख्यालय वाल्मीकि त्रिपाठी ने सहायक महानिरीक्षक योगेश कुमार को सोबरन सिंह पर लगे आरोपों की जांच कर तत्काल रिपोर्ट मांगी। एक दर्जन से अधिक बैनामा प्रपत्र बतौर साक्ष्य प्रस्तुत किए हैं जिनमें करोड़ों रुपये की स्टांप चोरी की आशंका है। सदर तहसील स्थित निबंधन विभाग में हुए फर्जी बैनामा कांड में भी सोबरन सिंह का नाम आया था।

**मांगा है सर्विस रिकॉर्ड**

पीडब्ल्यूडी के मुख्य अभियंता एनके यादव ने बताया कि एई को पिछले साल विजिलेंस ने ट्रैप किया था। आरोप गंभीर थे। उसी मामले में एक्सईएन व एई की संपत्तियों की जांच हो रही है। दोनों से सर्विस रिकॉर्ड मांगा है।

**जांच के मिले निर्देश**

सहायक महानिरीक्षक निबंधन योगेश कुमार ने बताया कि निबंधन लिपिक सोबरन सिंह पर आय से अधिक संपत्ति सहित कई गंभीर आरोप लगे हैं।

# बेटे का अपहरण, हत्या और अब जमीन कब्जा रहा तेल माफिया

**आगरा एनएनआई।** तेल माफिया मनोज गोयल पर एक परिवार ने बेटे के 17 साल पहले हुए किडनैप में शामिल होने का आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की है।

बरहन के रहने वाले बृजेश चौधरी ने डीसीपी अतुल शर्मा से की शिकायत में कहाकि 2008 में उनका कोल्ड स्टोरेज था। घाटा होने पर उन्होंने मनोज गोयल और गोविंद शर्मा को अपने कारोबार में शामिल किया। दोनों ने एक करोड़ 35 लाख रुपये का घपला किया। इसकी शिकायत पुलिस अधिकारियों से की गई। इस पर मनोज गोयल ने धमकी दी बृजेश चौधरी का कहना है कि मनोज गोयल ने उनके बेटे का किडनैप कर हत्या कर दी। किडनैप किए गए बेटे को बचाने के लिए 12 लाख रुपये की फिरौती भी दी। बेटे के लिए 25 बीघा जमीन को गिरवी रखा था, जिसे अब मनोज गोयल हड़पना चाहता है। बेटे की हत्या कर दी और अब जमीन भी लेना चाहता है। बृजेश चौधरी ने मांग की है कि उनकी जमीन वापस दिलाई जाए। कोल्ड स्टोरेज का मामले में भी संज्ञान लेने की गुहार लगाई। बृजेश चौधरी की पत्नी विनीता देवी ने बताया कि 17 साल पहले उनके बेटे को किडनैप कर लिया गया था। मनोज गोयल इसमें शामिल था। उन्होंने आरोपी के खिलाफ कार्यवाही की मांग की।

> पीड़ित परिवार ने तेल माफिया मनोज गोयल पर लगाए आरोप



# पुलिस ने फिर नजरबंद किए सपा सांसद रामजीलाल सुमन, घर के रास्ते पर लगाई बैरिकेडिंग

एनएनआई

**आगरा।** आगरा पुलिस ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और राज्यसभा सदस्य रामजीलाल सुमन को एक बार फिर घर में नजरबंद कर दिया है। उनके आवास के रास्तों पर पुलिस ने बैरिकेडिंग लगा दी। इसकी सूचना मिलते ही समर्थकों की भीड़ जुटना शुरू हो गई। पुलिस इस दौरान अलर्ट दिखाई दी।

संजय प्लेस स्थित एचआईजी फ्लैट निवासी समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और राज्यसभा सदस्य रामजीलाल सुमन मंगलवार सुबह गिजौली जाने वाले थे। इस सूचना पर उनके घर पर पुलिस पहुंच गई। सपा सांसद को नजरबंद कर दिया गया। उनके आवास के रास्ते पर बैरिकेडिंग लगा दी गई। इसकी जानकारी मिलते ही तमाम समर्थकों की भीड़ उनके आवास पर जुटना शुरू हो गई। हालांकि पुलिस ने किसी को भी वहां एकत्रित नहीं होने दिया। बता दें रामजीलाल सुमन के नेतृत्व में 17 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल खंदौली क्षेत्र के गांव गिजौली जाने वाला था। ये वही गिजौली है, जहां पिछले दिनों दो पक्षों में विवाद हो गया था। हालांकि इस विवाद में समझौता हो चुका है। पुलिस ने गिजौली में शांति भंग करने की कोशिश करने वालों पर कार्रवाई की चेतावनी दी है। सपा सांसद सुमन पिछले दिनों भी गिजौली गए थे। पुलिस अधिकारी से वार्ता में एक पक्ष को उन्होंने रावण कह दिया था, जिस पर राजनीत शुरू हो गई थी।

# युवती से की छेड़छाड़, मारपीट

एनएनआई

**आगरा।** ट्रांस यमुना कॉलोनी क्षेत्र में युवती के साथ छेड़छाड़ और मारपीट का मामला सामने आया है। सती नगर नगाइच निवासी महिला ने थाना ट्रांस यमुना में तहरीर देते हुए आरोप लगाया है कि वह अपनी सहेली के साथ स्कूटी से घर लौट रही थी। रास्ते में महेश परमार की दुकान के बाहर कुछ युवक रास्ता रोककर खड़े थे। कई बार हॉर्न देने के बावजूद वे नहीं हटे। इसके बाद आरोपियों ने युवती के साथ छेड़छाड़, गाली-गलौच और कपड़े पकड़कर खींचने का प्रयास किया। विरोध करने पर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता के अनुसार आरोपियों द्वारा पहले भी कई बार छेड़छाड़ और अभद्र टिप्पणियां की गई हैं।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। युवती ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

- प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।

# विदेशी नेटवर्क से जुड़े 10 साइबर ठग दबोचे

एनएनआई

**आगरा।** ट्रांसयमुना थाना पुलिस ने विदेशी नेटवर्क से जुड़े एक बड़े साइबर ठग गैंग का भंडाफोड़ करते हुए 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी आगरा के एक होटल में रुके हुए थे और करोड़ों की ठगी के लिए चालू खाते किराए पर लेने की तैयारी कर रहे थे।

पुलिस के अनुसार गिरोह के सदस्य छोटे कारोबारियों को एमएसएमई के तहत कंपनी बनवाने और सरकारी लाभ दिलाने का झांसा देकर फर्जी दस्तावेज तैयार करवाते थे। इसके जरिए प्राइवेट बैंकों में 50 करोड़ की लिमिट वाले चालू खाते खुलवाए जाते थे। खातों की डिटेल दुबई, कंबोडिया और लाओस में बैठे साइबर ठगों को दी जाती थी। ठगी की रकम इन खातों में ट्रांसफर कर क्रिप्टो करेंसी के जरिये विदेश भेजी जाती थीं। गिरफ्तार आरोपियों में चार आगरा के, चार गाजियाबाद, एक हाथरस और एक महाराष्ट्र का रहने वाला है। खास बात यह है कि गाजियाबाद से पकड़े गए आरोपी




नेपाली नागरिक बताए जा रहे हैं।

कर्नाटक का खाता धारक भी साथ

गिरोह ने हाल ही में कर्नाटक के सैयद फैजान के नाम से 50 करोड़ लिमिट का खाता खुलवाया था। इसमें करोड़ों रुपये आने वाले थे। शुरूआती जांच में 11 लाख रुपये भी जमा कराए गए थे। ठग फैजान को सरकारी लाभ का झांसा देकर आगरा तक साथ लाए थे।

**गिरफ्तार आरोपी**

गिरफ्तार आरोपियों में आमिर (महाराष्ट्र), मोईन खां, खुर्शीद, गालिब और आकाश (गाजियाबाद), गुरुवचन उर्फ विपिन (गाजियाबाद), माधव (फतेहाबाद), यतेंद्र उपाध्याय (खंदौली), सूरत सेंगर (हाथरस) और अमन त्रिपाठी (कालिंदी विहार, आगरा) शामिल हैं। इनके पास से 11 मोबाइल फोन और 1765 रुपये नकद बरामद हुए।

एडीसीपी सिटी आदित्य सिंह ने बताया कि साइबर अपराधी स्टॉक मार्केट और निवेश में भारी मुनाफे का लालच देकर लोगों को फंसाते थे। बचत खाते से बड़ी रकम निकालने में दिक्कत होती है, इसलिए चालू खाते का इस्तेमाल किया जाता था। गिरोह के विदेशी नेटवर्क से जुड़े अन्य नाम भी सामने आए हैं, जिनकी तलाश पुलिस कर रही है।

# एक बच्चे के दो-दो दावेदार!

एनएनआई

**आगरा।** एत्माउद्दौला क्षेत्र में मिले एक किशोर पर दो परिवार अपना बच्चा होने का दावा ठोक रहे हैं। ऐसे में पुलिस भी असमंजस में पड़ गई। एक का कहना है कि उनका बेटा तीन साल पहले लापता हुआ था। जबकि दूसरे का कहना है कि उनका बेटा दो दिन पहले ही गायब हुआ था।

चार पुलिया के पास घूमते मिले इस किशोर को मंदिर के बाबा अवधेश ने देखा तो पूछताछ की। किशोर सही से अपना नाम-पता नहीं बता सका। इस पर बाबा ने पुलिस को सूचना दी।? किशोर को थाने ले जाया गया। सोशल मीडिया पर उसकी तस्वीर जारी होने पर शंभू नगर निवासी पूजा ने उसे अपना बेटा बताया। उनका कहना है कि जुलाई 2022 में 12 साल की उम्र में उनका बेटा गायब हुआ था। वह मानसिक रूप से दिव्यांग था और उसके शरीर पर चोट के वही निशान हैं। पूजा ने बताया कि तीन साल से वह बेटे की तलाश कर रही थी। इधर एमएम गेट निवासी व्यापारी राकेश वर्मा किशोर को अपना बेटा बता रहे। उनका कहना है कि दो दिन पहले बेटा लापता हुआ था। परिचित महिला ने पूजा के घर तक उसे जाते देखा। किशोर ने राकेश और उनके परिवार



को देखते ही पहचान लिया और गले लग गया। दोनों परिवारों के दावे से पुलिस भी उलझन में पड़ गई।

एसीपी छत्ता पियूष कांत राय ने बताया कि किशोर को बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया जाएगा। समिति ही परिजनों के साक्ष्य और पहचान के आधार पर तय करेगी कि बच्चा किस परिवार का है।

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
आगरा
www.nnindianews.com
मंगलवार, 30 सितम्बर, 2025


## लाटरी ड्रॉ के जरिए 136 भूखंड किए गए आवंटित

### अटलपुरम योजना के पहले चरण के लिए निकाले गए भूखंडों के ड्रॉ

- मंडलायुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में सूरसदन में हुआ कार्यक्रम

एनएनआई




**आगरा।** सूरसदन में सोमवार को एडीए की अटलपुरम योजना के भूखंडों का ड्रा मंडलायुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह द्वारा निकाले गए। ड्रा के जरिए ईडब्ल्यूएस के 62, एलआईजी 66 और एचआईजी श्रेणी के आठ भूखंड आवेदकों को आवंटित किए गए। इस तरह कुल 136 भूखंड आवंटित किए गए।

एडीए की अटलपुरम टाउनशिप फेस-1, सेक्टर-1 योजना में ईडब्ल्यूएस, एलआई जी और एचआईजी श्रेणी के भूखण्डों का पंजीकरण आठ अगस्त से आठ सितम्बर तक आवेदन मांगे गए थे। इस अवधि में 1842 आवेदन प्राप्त हुए। अभिलेखों के परीक्षण उपरान्त ईडब्ल्यूएस श्रेणी के 98, एलआईजी में 73 और एचआईजी श्रेणी में 59 आवेदन आए। इनका लॉटरी ड्रॉ सोमवार को मंडलायुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह की उपस्थिति में पारदर्शिता के साथ निकाला गया। लॉटरी ड्रॉ का सीधा प्रसारण प्राधिकरण के यू-ट्यूब चैनल पर किया गया। इस दौरान ईडब्ल्यूएस श्रेणी के 62, एलआईजी श्रेणी के 66 और एचआईजी श्रेणी के 8 पात्र आवेदकों को भूखण्ड आवंटित किये गये। इस प्रकार लॉटरी ड्रॉ में विभिन्न श्रेणी के 136 भूखण्ड आवंटित किये गये। इस दौरान अटलपुरम टाउनशिप फेस-1 के सेक्टर-2 व सेक्टर-3 के 374 भूखण्डों के पंजीकरण का शुभारम्भ ऑनलाइन पोर्टल (जनहित पोर्टल) पर मंडलायुक्त द्वारा किया गया। उक्त पंजीकरण 29 सितम्बर से 7 नवम्बर तक रहेगा।

## मम जीवन रघुनाथहि लागि...

### बाबा श्रीमनकामेश्वर रामलीला महोत्सव में हुई दशरथ मरण, भरत मिलाप और पंचवटी की भावपूर्ण लीलाएं



एनएनआई

**आगरा।** गढ़ी ईश्वरा दिगनेर, शमशाबाद रोड में बाबा श्रीमनःकामेश्वर रामलीला महोत्सव में सोमवार को दशरथ मरण प्रसंग से हुआ। राजा दशरथ पुत्र वियोग की वेदना में व्याकुल होकर राम का नाम लेते-लेते देह त्याग करते हैं। मंच पर जब दशरथ जी ने अंतिम सांस ली, तो दर्शकों का दिल करुणा से भर गया। वहीं भारत मिलाप मंचन में नंदिग्राम में वनवास का व्रत लेकर रह रहे भरत जी जब चित्रकूट पहुंचे और श्रीराम से भेंट हुई, तो दोनों भाइयों का आलिंगन देखकर दर्शकों की आंखें छलक पड़ीं। अगस्त्य ऋषि दर्शन प्रसंग में ऋषि अगस्त्य ने भगवान श्रीराम का स्वागत कर उन्हें दिव्य बाण और धनुष प्रदान किए तथा धर्म पालन और असत्य के विनाश का संदेश दिया। संध्या का विशेष आकर्षण रहा पंचवटी आगमन प्रसंग। जब श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण जी पंचवटी पहुंचे, तो दर्शकों ने वनवास जीवन की झलक का सजीव अनुभव किया। मठ प्रशासक हरिहर पुरी ने बताया कि रामलीला के प्रत्येक प्रसंग में मानव जीवन के लिए गहन शिक्षा निहित है। अगस्त्य ऋषि के दर्शन और पंचवटी आगमन यह संदेश देते हैं कि प्रभु सदैव धर्म की रक्षा के लिए अवतरित होते हैं।

## स्वच्छता और खाद्य सुरक्षा के बारे में रेलवे ने किया जागरूक

- स्वच्छता ही सेवा पखवाडा के तहत आगरा कैंट और मथुरा स्टेशन पर चलाया गया अभियान

एनएनआई




**आगरा।** रेलवे द्वारा चलाये जा रहे स्वच्छता ही सेवा पखवाडे के तहत सोमवार को आगरा रेल मंडल के स्टेशनों पर स्वच्छता और खाद्य सुरक्षा के महत्व के बारे में जागरुक किया गया। मण्डल रेल प्रबंधक आगरा गगन गोयल के निर्देशन में आगरा रेल मण्डल में चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान के तहत स्टेशन पर भोजन स्टॉल्स, रेस्टोरेंट, बेस किचिन, पेंट्री कार पर कार्यरत कर्मचारियों को स्वच्छता और खाद्य सुरक्षा के बारे में जागरूक किया गया। यह अभियान मथुरा जं. पर सहायक वाणिज्य प्रबंधक-कोचिंग संजय गौतम और आगरा छावनी पर सहायक वाणिज्य प्रबंधक फ्रेट संजीव जाटव के नेतृत्व में चलाया गया। इस दौरान सभी स्टॉल्स संचालकों को गुणवत्ता और ताजा भोजन तैयार करने और परोसने की व्यवस्था, स्वच्छता और साफ-सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। स्टेशनों पर उद्घोषणा प्रणाली के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। स्वच्छ भोजन पहल में आगरा कैंट और मथुरा जंक्शन से गुजरने वाली गड़ियों के पैन्ट्री कार में भी यह अभियान चलाया गया। रेलवे के अनुसार इस पहल का उद्देश्य रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को स्वच्छ और सुरक्षित भोजन उपलब्ध कराना है। सभी यात्री अपने सफर के दौरान स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति सजग रहें। इस अभियान में भाग लें और अपने आस-पास के लोगों को भी स्वच्छता के प्रति प्रेरित करें।

## गिरिराज जी सेवा मंडल परिवार ने श्री राम-जानकी परिवार की उतारी आरती



**आगरा (एनएनआई)।** गिरिराज जी सेवक मंडल परिवार ने रविवार को आगरा किला के सामने श्रीराम हनुमान मंदिर में राम, जानकी दरबार की आरती की। इस दौरान भजन-कीर्तन किया गया। मंदिर परिसर में भगवान राम, माता जानकी, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न के स्वरूपों के प्रवेश करते ही पूरा प्रांगण श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। पुष्पवर्षा करते हुए स्वरूपों को मंच पर विराजमान कराया गया। गणेश वंदना के बाद हनुमान चालीसा पाठ की हर चौपाई पर रामभक्त भगवान के जयकारे लगाते रहे। पदाधिकारियों ने स्वरूपों की सामूहिक आरती की। राजा दशरथ बने अजय अग्रवाल और रानी कौशल्या बनीं उनकी पत्नी कल्पना अग्रवाल का संस्था की ओर से सम्मान किया गया। आरती का शुभारंभ अजय गोयल, मनोज कुमार गर्ग, श्याम सुंदर माहेश्वरी, पवन अग्रवाल, मनीष गोयल, नीरज कुमार अग्रवाल एवं संयोजक ब्रजमोहन रैपुरिया ने किया। इस दौरान प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर सीमा अग्रवाल, कविता अग्रवाल, स्वीटी गर्ग, उर्मिला महेश्वरी, सोनाली बंसल, मनीषा गोयल, नितिन अग्रवाल,आदि मौजूद रहे।



# महापौर, नगर पंचायत अध्यक्षों से सीएम योगी ने किया वर्चुअल संवाद

- नगर निगम के सदन हॉल में सभी पार्षदों, नगरीय निकायों में जनप्रतिनिधियों से मुख्यमंत्री ने की बात
- विकसित उत्तर प्रदेश 2047 समृद्धि शताब्दी महाभियान से आमजनों को जोड़ने के मांगे गए सुझाव

एनएनआई



**आगरा।** विकसित भारत का रास्ता विकसित उत्तर प्रदेश से होकर जाता है तो विकसित उत्तर प्रदेश का रास्ता नगर निकायों की सक्रिय भागीदारी से प्रशस्त होगा। प्रदेशवासियों की आशाओं और आकांक्षाओं की पूर्ति के संकल्प के साथ सोमवार को लखनऊ से वर्चुअल माध्यम से नगर निगमों नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों के अध्यक्षों से विकसित उत्तर प्रदेश 2047 के विषय पर संवाद किया।

नगर निगम के सदन हॉल में वर्चुअल संवाद के लिए स्क्रीन लगा कर जिले के सभी नगरीय निकायों ने संवाद में हिस्सा लिया। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदेश को वर्ष 2047 तक विकसित राज्य बनाने की पहल की गई है। इसके लिए विकसित उत्तर प्रदेश 2047 समृद्धि का शताब्दी पर्व महाभियान शुरू किया गया है। इस अभियान में नागरिकों की सक्रिय भागीदारी के माध्यम से प्रदेश के विकास को एक विजन डॉक्यूमेंट का निर्माण किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने बताया कि इस संकल्प की प्राप्ति के लिए प्रदेश की आकांक्षाओं के अनुरूप एक समग्र रणनीति तैयार की जानी है। इसमें कृषक, युवा, महिलाएं, श्रमिक, शिक्षाविद, उद्यमी व्यापारी, प्रबुद्ध वर्ग, मीडिया आदि की आकांक्षाओं को सम्मिलित किया जाएगा। उन्होंने सभी से इसमें जनभागीदारी के साथ सफल बनाने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि इसके लिए एक पोर्टल विकसित कर आम लोगों के सुझाव लिए जाएंगे। इसे एक जन आन्दोलन का रूप देने के लिए जन-जन को जोड़ने को सुझाव देने के लिए प्रेरित किया गया।

मुख्यमंत्री ने सभी नगरीय निकायों में विकसित उत्तर प्रदेश के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर, आधुनिक पार्किंग, सहित अन्य सुविधाओं को बढ़ाने के लिए स्थानीय स्तर पर भी विजन डॉक्यूमेंट बनाने की बात कही। इस दौरान नियोजन विभाग द्वारा मुद्रित कराई गयी विकसित भारत- विकसित उत्तर प्रदेश की पुस्तिका वितरण किया गया। सभी से अधिक से सुझाव देने को प्रेरित किया।

# एसएन में लगे शिविर किया गया महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण

## स्वस्थ्य नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत लगाया शिविर

- कैबिनेट मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने किया शिविर का उद्घाटन

एनएनआई



**आगरा।** स्वस्थ्य नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत एस एन मेडिकल कालेज के स्त्री और प्रसूति रोग विभाग द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन कैबिनेट मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय द्वारा किया गया। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहाकि यह कार्यक्रम केन्द्र और प्रदेश सरकार की एक संयुक्त पहल है, जिसका लक्ष्य महिलाओं को स्वस्थ्य बनाना है। उन्होंने कहाकि यदि महिला घर में स्वस्थ रहेगी तो पूरा घर स्वस्थ रहेगा। जब सभी स्वस्थ रहेंगे तो परिवार में समृद्धि आएगी। जब समृद्धि आएगी तो विकसित भारत की कल्पना साकार होगी। उन्होंने कहाकि मोदी और योगी के सत्ता में आने के बाद देश बदल रहा है। देश का स्वाभिमान और सम्मान बढ़ा है। उन्होंने स्वदेशी बनाओ स्वदेशी अपनाओ पर भी जोर दिया। एसएन मेडिकल कालेज के प्रधानाचार्य डॉ. प्रशान्त गुप्ता ने बताया कि शिविर में महिलाओं की खून की जांचे, ब्लड शुगर, अल्ट्रासाउण्ड और दवाइयां निःशुल्क दी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए उनमें जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम और नुक्कड़ नाटक भी आयोजित किये जा रहे हैं। डॉ. प्रशांत गुप्ता ने बताया कि इस शिविर मे एक ही स्थान पर मेडिसिन, कैंसर स्क्रीनिंग, चर्मरोग, बालरोग, दन्तरोग, मनोरोग, नाक, कान, गला रोग, रेस्पिरेटरी मेडिसिन द्वारा महिलाओं और बच्चों की जांचें की जा रही हैं। स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की अध्यक्ष डॉ. शिखा सिंह ने बताया कि शिविर में 234 महिलाओं ने लाभ उठाया। इस मौके पर उप प्रधानाचार्य डॉ. टीपी सिंह, एसआईसी डॉ= बृजेश शर्मा, डॉ. शिखा सिंह, डॉ. रेनू अग्रवाल, डॉ. सतोष, डॉ. एसके कठेरिया, डॉ. राजेश गुप्ता, डॉ. पंकज, डॉ. ऋचा गुप्ता, डॉ. दिव्या श्रीवास्तव, डॉ. यतेंद्र चाहर , डॉ. स्वाति चौधरी और डॉ. प्रीति भारद्वाज आदि उपस्थित रहे।

# हाट में छात्र-छात्राओं ने किया हुनर का प्रदर्शन

- कुलपति प्रो. आशु रानी ने किया उद्घाटन, दीयों और कलाकृतियों से सजा मेला

एनएनआई



**आगरा।** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय में सोमवार को छात्र-छात्राओं द्वारा हुनर हाट का आयोजन किया गया। इस हाट में ललित कला संस्थान, गृह विज्ञान संस्थान, आगरा कॉलेज, बैकुंठी देवी कन्या महाविद्यालय और दयालबाग शिक्षण संस्थान के विद्यार्थियों ने अपने-अपने हस्तनिर्मित क्राफ्ट वर्क और कलाकृतियों के स्टॉल लगाए। हुनर हाट का उद्घाटन विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. आशु रानी ने फीता काटकर किया।

उन्होंने सभी स्टॉल्स का निरीक्षण किया और खुद भी खरीददारी कर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। कई छात्रों की कलाकृतियां देखकर कुलपति अभिभूत हुईं और उनकी रचनात्मकता की प्रशंसा की। इस मेले में दीपावली के लिए सजावटी सामान, दीये, पेंटिंग्स, फ्रेम्स और अन्य हस्तनिर्मित सामग्री उपलब्ध कराई गई। हाट संयोजक डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि यह मेला न केवल छात्रों के हुनर को प्रदर्शित करने का मंच है बल्कि उनकी आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में भी एक कदम है। सह-संयोजक डॉ. शार्दूल मिश्र और दीपक कुलश्रेष्ठ ने बताया कि हुनर हाट 30 सितम्बर को भी पूर्वाह्न 11 बजे से शाम 5 बजे तक सभी कला-प्रेमियों के लिए खुला रहेगा। यह आयोजन ललित कला संस्थान के निदेशक प्रो. संजय चौधरी, प्रो. अचला गक्खड़ और प्रो. अर्चना सिंह के निर्देशन में हुआ। इस मौके पर संकायाध्यक्ष छात्र कल्याण प्रो. भूपेंद्र स्वरूप शर्मा, डॉ. अरविंद राजपूत, डॉ. शीतल शर्मा, डॉ. गणेश कुशवाह, पारुल जुरैल, महिमा सिंह, देवेंद्र कुमार सिंह, संस्कार भारती के नंदनंदन गर्ग आदि उपस्थित रहे।

# अग्रवंश के सम्राट की अग्रलीला देख जीवनी से रूबरू हुए अग्रबन्धु

- एक रुपया एक ईंट का मंत्र देकर बने समाजवाद के पथ प्रदर्शक

एनएनआई



**आगरा।** श्री अग्रवाल संघ, प्रताप नगर जयपुर हॉउस की ओर से 'दि ग्रेट महाराजा अग्रसेन' नाटक का मंचन मुंबई से आए 35 कलाकारों ने अभिनय कर महाराज अग्रसेन के जीवन को जीवंत कर दिया। शुभारम्भ मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय, उत्तर प्रदेश लघु उद्योग निगम के अध्यक्ष राकेश गर्ग, विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल, पूर्व विधायक महेश गोयल, समाजसेवी बीना लावनिया, डॉ. वी. डी. अग्रवाल और केदारनाथ अग्रवाल ने दीप प्रवज्जलित कर किया। नाटक में महाराज अग्रसेन के बाल्यकाल से लेकर वृद्धावस्था तक के जीवन को बखूबी उकेरा गया। नाटक के निमार्ता योगेश अग्रवाल है। इस कथा का नाट्य रूपांतरण, परिकल्पना और निर्देशन प्रदीप गुप्ता ने किया है।

इस नाट्य में पार्श्वगायन पद्मश्री सुरेश वाडेकर और सुरभि गुप्ता ने दिया। संगीत राजधर शुक्ला ने दिया। सूरसदन में पार्श्व ध्वनि में सूत्रधार की आवाज अभिनेता मुकेश खन्ना की रही। इस अवसर पर अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल, महामंत्री राजेश जिंदल, कोषाध्यक्ष राजीव अग्रवाल, कार्यक्रम संयोजक गौरव बंसल, संयोजक शशिकांत अग्रवाल, भगवान दास सेवला, शकुन बंसल, विजय सिंघल, प्रभात गोयल, दीपक अग्रवाल, रवि मंगल, हिमांशु गर्ग, संतोष अग्रवाल, संजीव गोयल, मयंक मंगल, संदीप अग्रवाल, रविशंकर बंसल, राजीव फेंसी, प्रवीन अग्रवाल, नवीन अग्रवाल, सीए अंकुर आदि मौजूद रहे।

# हरीपर्वत जैन मंदिर में हुआ कलशाभिषेक महोत्सव

- श्री दिगंबर जैन शिक्षा समिति के तत्वावधान में हुआ आयोजन

एनएनआई



**आगरा।** शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर हरीपर्वत में कलशा भिषेक महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। धार्मिक उल्लास और आध्यात्मिक भावनाओं से ओतप्रोत इस महोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। महोत्सव का शुभारंभ पंच कल्याणक पूजन के साथ हुआ। पंडित जिनेन्द्र जैन शास्त्री के निर्देशन में स्वर्ण कलशों द्वारा भगवान शांतिनाथ का सामूहिक अभिषेक किया गया। श्रद्धालुओं ने मंत्रोच्चार और जयकारों के साथ सामूहिक किया। दिनभर मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। इस अवसर पर शशि एंड पार्टी द्वारा भजनों की सुमधुर प्रस्तुति दी इस आयोजन में न केवल स्थानीय श्रद्धालु बल्कि आसपास की शैलियों के लोग भी शामिल हुए। इस मौके पर मनोज जैन बाकलीवाल,प्रदीप जैन पीएनसी, डॉक्टर जितेंद्र जैन, जगदीश प्रसाद जैन, राकेश जैन पदेवाले, सुनील जैन ठेकेदार, संजीव जैन, पंकज जैन, मनीष जैन, अनंत कुमार जैन, राजेन्द्र जैन एडवोकेट, प्रवीण जैन नेताजी, चित्ररंजन जैन, मिलन जैन, तनुज जैन, अनिल जैन रईस, राजेश बैनाड़ा, नरेश लुहाड़िया, अनुज जैन, मीडिया प्रभारी शुभम जैन, ममता जैन, प्रिया जैन, संगीता जैन, वंदना जैन, शेफाली जैन सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थिति रहे।

# नवरात्र में माता की भक्ति में डूबे लोग

## 201 दीपकों से हुई मां दुर्गा की महाआरती



एनएनआई

**आगरा।** कचहरी घाट ऊंट गली परिवार के द्वारा नवरात्रि महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है जिसके सातवें दिन मां दुर्गा की 201 दीपकों से महा आरती का आयोजन किया गया जिसमें सभी भक्तों ने माता की आरती उतारी साथ ही साथ ही फूल बंगले का आयोजन भी हुआ दूर-दूर से भक्त पहुंचे और उन्होंने माता रानी के दर्शन किए आरती की के पश्चात भक्तों ने माता रानी के सुंदर-सुंदर भेंट भी प्रस्तुत दी 30 सितंबर को डांडिया महोत्सव का आयोजन होगा जिस भव्य बनाने में परिवार के लोग जुटे हुए हैं इस आयोजन में अभिषेक गुप्ता अमन गुप्ता, मंगल, गगन, नानित परमार ,रोहित ,लालू, शालू ,सूरज, विष्णु, मीरा, आदि भक्ति गण उपस्थित रहे।

## सेक्टर 6डी निवासियों ने निकाली भव्य शोभायात्रा

एनएनआई

**आगरा।** नवरात्रि महोत्सव में सेक्टर 6 डी एफ पार्क से आज भव्य शोभायात्रा निकाली गई। कालोनीवासियों का पूर्ण सहयोग और उत्साह से आज कार्यक्रम का शुभारंभ किया। शोभायात्रा सेक्टर 6 डी से आवास विकास संपूर्ण सेक्टर में माता जी का डोला घुमाया गया। सर्वप्रथम विघ्नहर्ता गणेश फिर मां दुर्गा, मां काली, मां गौरी की झाकी निकली गई। ऐसी शोभायात्रा देखकर कॉलोनी वासी एवं श्रद्धालु गदगद हो गए। यात्रा 6 डी पंडाल से शुरू होकर पंडाल पर ही खत्म हुई , उसके बाद आरती कर प्रसाद का वितरण किया गया।

इस मंगल कार्यक्रम में आयोजक लंकेश दीपक सारस्वत, कार्यकर्ता निक्की भगत जी, अरुण श्रीवास्तव, गब्बर राजपूत, टोनी वर्मा, गौरव अग्रवाल, राकेश गर्ग, सचिन शर्मा, ज्वाला शरण, कुलदीप तोमर, प्रशांत परमार, दीपू चौहान आदि मौजूद रहे। महिला मंडल की तरफ से कमलेश सारस्वत, गुंजन सारस्वत, अंबिका सारस्वत, साधना राठौर, राधा अग्रवाल, बबली, संजना यादव, ऋचा अग्रवाल, सोनाली गर्ग,प्रियंका मित्तल आदि उपस्थित रही।



## ताजनगरी में महिला मंडल माता की भक्ति में झूमी

**आगरा एनएनआई।** महिला मंडल, ताजनगरी स्थित पार्श्वनाथ पंचवटी, फेज-2 आगरा पर माँ के भव्य दरबार में भक्तिमय माहौल देखने को मिला। शेरा वाली मैया मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं ने बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मईया की आराधना की,

माँ के दरबार में ढोल की थाप पर श्रद्धालु झूमते-नाचते रहे और भक्ति भजनों की मधुर स्वर लहरियों से वातावरण गूंज उठा, मईया को ताली बजाकर मनाने का यह अनूठा दृश्य श्रद्धालुओं के हृदय को भावविभोर कर गया। सभी ने माँ की चरणों में नतमस्तक होकर आरती उतारी और सुख-समृद्धि की कामना की, आयोजन में महिला मंडल की सक्रिय भागीदारी रही और पूरे परिसर में उल्लास एवं आस्था का रंग छा गया, महिला मंडल द्वारा नवमी पर भव्य डांडिया महोत्सव पंचवटी पार्क में किया जाएगा।



## नुक्कड़ नाटक के जरिए मिशन शक्ति का दिया सन्देश

**आगरा एनएनआई।** मिशन शक्ति 5.0 अभियान को गति देते हुए बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित किए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय मंटोला व प्राथमिक विद्यालय नवीन नाई की मंडी एवं प्राथमिक विद्यालय नामनेर के छात्राओं बच्चों द्वारा नुककड़ नाटक कर मिशन शक्ति का सन्देश दिया गया।

श्रीमती सिंगारी बाई बालिका इंटर कॉलेज बालूगंज आगरा में मिशन शक्ति 5.0 अभियान में महिला शक्ति सभा का आयोजन कर छात्राओं को जागरूक किया गया। कम्पोजिट स्कूल सरदार पटेल की बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया तथा राजकीय हाइस्कूल नगला जौहरी की छात्राओं को कानूनी अधिकारों, महिला सुरक्षा से जुड़े हेल्पलाइन नम्बरों आदि की जानकारी दी गई।







## मेधावी बच्चों को छात्रवृत्ति के चेक सौंपे

**आगरा एनएनआई।** महाराजा अग्रसेन सेवा सदन द्वारा शिक्षा सहायता संकल्प के अंतर्गत सर्वसमाज के निर्धन एवं मेधावी बच्चों को छात्रवृत्ति के चैक संस्था के वरिष्ठ सदस्यों द्वारा वितरित किये गये। कार्यक्रम में लगभग 200 छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की गयी। कार्यक्रम में उमेश कंसल, अनुरंजन सिंघल, मनीष गोयल, सुनील कुमार अग्रवाल सीए, रवि अग्रवाल, रूप किशोर अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, जेपी अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

## आगरा वनस्थली विद्यालय में धूमधाम से हुआ नवरात्रि उत्सव

एनएनआई

**आगरा।** आगरा वनस्थली विद्यालय में नवरात्रि उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और धार्मिक वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं ने नौ देवियों के स्वरूप प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। रंगारंग डांडिया समारोह ने कार्यक्रम की शोभा और भी बढ़ा दी।

कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रावण दहन रहा, जिसमें बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश दिया गया। विद्यार्थियों और अतिथियों ने उत्साहपूर्वक इस ऐतिहासिक परंपरा का आनंद लिया। इस अवसर पर वीके मित्तल, डायरेक्टर मनीष मित्तल, को-चेयरमैन रीना जालान, को-डायरेक्टर डॉ. स्वाति चन्द्रा, अकादमिक डायरेक्टर नूपुर सिंघल तथा इंस्टीट्यूट की प्रिंसिपल निर्मल चौहान विशेष रूप से उपस्थित रहीं और बच्चों का उत्साहवर्धन किया।



सभी अतिथियों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए छात्राओं की प्रस्तुतियों की सराहना की। वी.के. मित्तल ने कहा कि ऐसे आयोजन भारतीय संस्कृति और परंपराओं को नई पीढ़ी तक पहुँचाने का श्रेष्ठ माध्यम हैं। मनीष मित्तल ने बच्चों की प्रतिभा और अनुशासन की प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। रीना जालान एवं डॉ. स्वाति चन्द्रा ने छात्राओं को देवी स्वरूप में देखकर उन्हें समाज की शक्ति और प्रेरणा बताया। नूपुर सिंघल ने कहा कि विद्यालय हमेशा छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए ऐसे अवसर प्रदान करता रहेगा। निर्मल चौहान ने सभी शिक्षकों और अभिभावकों का सहयोग सराहते हुए कहा कि यह आयोजन तभी सफल होता है जब सब एक परिवार की तरह साथ खड़े हों। इस भव्य आयोजन के सफल संचालन में विद्यालय समन्वयक दिनेश तथा सभी स्टाफ सदस्यों का योगदान रहा।

# शिक्षामित्र के परिवार को दी 5.46 लाख की मदद

## अग्नि हादसे में गई थी 8 की जान

एनएनआई



**बाह।** एक महीने पहले बाह के पुरा जसोल गांव में हुए अग्नि हादसे में शिक्षामित्र देवेन्द्र प्रकाश समेत 8 की जान गई थी। बज्राघात की घड़ी में शिक्षामित्र के परिवार की मदद को शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक आदि आगे आए थे। सोमवार को खंड शिक्षा अधिकारी अमरनाथ के नेतृत्व में परिवार को 5.46 लाख की आर्थिक सहायता की गई। पुरा जसोल गांव में 22 अगस्त को गैस सिलिंडर अग्नि हादसा हुआ था। जिसमें एक ही परिवार के 14 लोग झुलसे थे। जिनमें से एमनपुरा के प्राथमिक विद्यालय के शिक्षामित्र देवेन्द्र प्रकाश, देवेन्द्र प्रकाश के भाई आनंद प्रकाश, जितेन्द्र, जितेन्द्र की बहन प्रीती, पिता भागीरथ, बेटी कुमकुम, सुरेन्द्र, सुरेन्द्र की मां केशरवती की मौत हो गई थी। क्षेत्र के शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक, चतुर्थश्रेणी कर्मियों ने शिक्षामित्र के परिवार की मदद को हाथ बढ़ाए थे। मदद से एकत्रित हुई 5 लाख 46 हजार 500 रुपये की धनराशि सोमवार को बाह के खंड शिक्षा अधिकारी अमरनाथ के नेतृत्व में घर पर पहुंच कर देवेन्द्र प्रकाश की पत्नी ममता देवी एवं बेटों को सौंपी गई। इस दौरान विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने मृतक के परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।

# पुलिस ने छात्राओं को बताए सुरक्षा के उपाय

एनएनआई



**पिनाहट।** महिला सशक्तिकरण मिशन शक्ति 5 के अंतर्गत पिनाहट कस्बा में मिशन शक्ति की टीम द्वारा एसीपी पिनाहट गिरीश कुमार के नेतृत्व में महिला सम्मान ,महिला सशक्तिकरण ,महिला स्वावलंबन ,को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम पिनाहट कस्बा स्थित श्री हजारीलाल पाराशर मेमोरियल स्कूल में आयोजित किया गया। इसमें सैकड़ो की संख्या में छात्राएं एवं स्कूल के अध्यापक गढ़ मौजूद रहे। एसीपी पिनाहट गिरीश कुमार ने महिला हेल्पलाइन ,वूमेन पावर लाइन ,साइबर हेल्पलाइन व चाइल्ड हेल्पलाइन आदि के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। तथा सभी छात्र-छात्राओं को स्वरक्षा एवं प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ सरकार द्वारा चलाई जा रही महिला सशक्तिकरण अभियान के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। इस दौरान थाना प्रभारी मनोज कुमार समेत पिनाहट थाने की मिशन शक्ति की पूरी टीम उपस्थित रही। वही विद्यालय के प्रबंधक नवीन पाराशर समेत स्कूल का समस्त स्टाफ भी मौजूद रहा।

## रामलीला कमेटी अध्यक्ष, पात्रों का स्वागत सम्मान



**पिनाहट** एनएनआई। पिनाहट में आयोजित की जा रही ऐतिहासिक रामलीला में सोमवार को युवा शक्ति संगठन के राष्ट्रीय सह संयोजक विशाल अरेला के नेतृत्व में रामलीला कमेटी अध्यक्ष एवं पात्रों का फूल माला एवं पटका पहनाकर स्वागत सम्मान किया। युवा शक्ति संगठन के राष्ट्रीय संयोजक विशाल अरेला ने पात्र राम लक्ष्मण, सीता, रामलीला कमेटी अध्यक्ष नवीन पाराशर समेत व्यास गण का भी सम्मान किया। इस दौरान युवा शक्ति संगठन के विकास अरेला ,शिवम अरेला ,विवेक शर्मा, तनु शर्मा ,भोला शर्मा, काशीराम शर्मा ,सुमित वर्मा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 'अनुज बधू भगिनी सुत नारी, सुनु सठ कन्या सम ए चारी'

## बाह में बालि वध की लीला के मंचन में जय श्रीराम के घोष से गूंजा रामलीला मैदान

एनएनआई



**बाह।** सीता की खोज में निकले श्रीराम और लक्ष्मण की सुग्रीव से मित्रता की लीला का सोमवार को बाह के मैदान पर प्राचीन रामलीला में मंचन हुआ। 'अनुज बधू भगिनी सुत नारी, सुनु सठ कन्या सम ए चारी, इन्हहि कुदृष्टि बिलोकइ जोई, ताहि बधें कछु पाप न होई' अर्थात छोटे भाई की स्त्री, बहिन, पुत्र की स्त्री और कन्या, ये चारों समान हैं। इनको जो कोई बुरी दृष्टि से देखता है, उसे मारने में कुछ भी पाप नहीं होता जैसी तस्वीर बालि सुग्रीव युद्ध के मंचन में देख कर रामलीला मैदान जय श्रीराम के घोष से गूंज उठा। इसके बाद जामवंत द्वारा हनुमान को उनकी शक्ति का अहसास कराने की लीला दिखाई गई। समुद्र पार कर लंका पहुंचे हनुमान द्वारा अशोक वाटिका उजाड़े जाने की लीला का मंचन हुआ। राक्षसों द्वारा पकड़ कर रावण के दरबार में ले जाने और हनुमान की बातें सुनकर क्रोधित हुए रावण द्वारा पूंछ में आग लगाए जाने के आदेश की लीला का मंचन हुआ। अपनी पूंछ में लगी आग से हनुमान ने लंका में आग लगा दी। रामलीला के मंचन के दौरान पंडित श्याम शर्मा, गुड्डू तिवारी, निशु गर्ग, राजेश वफा, देवेंद्र कटारा ,राजेश पांडेय, ब्रह्मदत्त शर्मा, रमेश शर्मा, हर्षित गर्ग, उत्तम दुबे, सोहित गर्ग, गोपाल गुप्ता, शानू तिवारी, नवीन मिश्रा, राहुल शर्मा आदि रहे।

# किसानों को मिले डीएपी, गद्दी छोड़ें वोट चोर

## जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने चलाया हस्ताक्षर अभियान

एनएनआई




**बाह।** संगठन के ढांचे को मजबूत किए जाने के लिए सोमवार को बाह में कांग्रेस के जिलाध्यक्ष रामनाथ सिकरवार ने पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक कर रणनीति बनाई। डीएपी की किल्लत को लेकर उन्होंने रोष व्यक्त किया और कहा कि किसानों का शोषण उत्पीड़न बंद होना चाहिए, वह किसानों के साथ खड़े रहेंगे। संगठन को मजबूत करने के लिए सुझाव लिए। बैठक में जिला उपाध्यक्ष रामनरेश दीक्षित ने बाह को जिला बनाने के लिए आंदोलनात्मक रणनीति पर विचार करने की बात कही। संगठन की बैठक के बाद वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान चलाया। अभियान के दौरान जिलाध्यक्ष ने कांग्रेसियों में जोश भरा। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष रामनरेश दीक्षित, राहुल रावत, जिला महा सचिव कमलेश मिश्रा, योगेश शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष अरुण शर्मा, किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष बीपी गुर्जर, बाह के अध्यक्ष नरेश गुर्जर, जैतपुर के अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह भारतीय, पिनाहट के अध्यक्ष राहुल शर्मा, सुरेन्द्र शर्मा, सुरेश टिकैट, शिववीर गुर्जर, पीके यादव, शान रंगरेज, सुनील पचौरी आदि रहे।

# यूपी रत्न से अलंकृत हुए प्रख्यात साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुर्वेदी

एनएनआई

**वृन्दावन।** लखनऊ के गोमती नगर स्थित सी.एम.एस. के ऑडिटोरियम में सम्पन्न हुए ऑल इंडिया कॉन्फ्रेंस ऑफ इंटलेक्टुअलस (एआईसीओआई) के 47वाँ वार्षिक समारोह में नगर के प्रख्यात साहित्यकार, पत्रकार, अध्यात्मविद् व समाजसेवी डॉ. गोपाल चतुर्वेदी, एडवोकेट को, उनके द्वारा देश व समाज के प्रति की गई अविस्मरणीय सेवाओं के लिए "यूपी रत्न" सम्मान प्रदान किया गया।उन्हें यह सम्मान समारोह के अध्यक्ष नैनीताल हाईकोर्ट की लोक अदालत के न्यायाधीश, उत्तराखंड आर्बीट्रेशन काउंसिल के चेयरमैन जस्टिस राजेश टंडन, मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के पूर्व उप-मुख्यमंत्री व राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा, प्रयागराज उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस राकेश शर्मा, ए.आई.सी.ओ.आई. के राष्ट्रीय महासचिव व सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता प्रकाश निधि शर्मा एवं भारतीय प्रशासनिक सेवा के पूर्व वरिष्ठ अधिकारी व प्रख्यात समाजसेवी देवदत्त शर्मा (रिटायर्ड आई.ए.एस.) व ए.आई.सी.ओ.आई के उपाध्यक्ष डॉ. एस. फारुख आदि ने संयुक्त रूप से प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह, अंगवस्त्र आदि भेंट करके व पगड़ी पहनाकर



प्रदान किया।


इस अवसर पर "यूपी रत्न" से अलंकृत हुए डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने समारोह के आयोजकों को धन्यवाद देते हुए कहा कि प्रख्यात समाजसेवी व सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता स्व. भव्य निधि शर्मा द्वारा संस्थापित ऑल इंडिया कॉन्फ्रेंस ऑफ इंटलेक्टुअलस (ए.आई.सी.ओ.आई.) पिछले 46वर्षों से समाजसेवा एवं विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली विभूतियों को "यूपी रत्न" सम्मान प्रदान करके अत्यन्त महत्वपूर्ण कार्य कर रही है इसके लिए संस्था के समस्त पदाधिकारी अत्यन्त प्रशंसा व धन्यवाद के पात्र हैं।

समारोह में लखनऊ विश्वविद्यालय की कार्यवाहक कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) मनुका खन्ना, किंग जॉर्ज मेडीकल कॉलेज के स्त्री रोग विभाग की प्रोफेसर डॉ. अमिता पाण्डेय, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक डॉ. रेनू सिंह (आई.एफ.एस.) समारोह की संयोजिका श्रीमती अनु श्री, अटल भारतीय हिन्दू फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष अरुण कुमार द्विवेदी आदि के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।संचालन लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. अशोक दुबे ने किया।

## संपादकीय

# बिहार में अपने-अपने गठबंधन की कमान संभाल रहे हैं भाजपा और कांग्रेस!

बिहार में पिछले कुछ दिन से नीतीश कुमार ड्राइविंग सीट पर दिख रहे थे लेकिन गाड़ी भाजपा चला रही थी। भारतीय जनता पार्टी ने चुनाव की कमान संभाल ली है और ड्राइविंग सीट पर खुद आ गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के दौरे व दो बड़े केंद्रीय मंत्रियों और देश के सबसे बड़े राज्य के उप मुख्यमंत्री को चुनाव प्रभारी बना कर पटना भेजे जाने के बाद साफ हो गया है कि अब चुनाव भाजपा लड़ेगी। अमित शाह ने बिहार के भाजपा नेताओं की बैठक में कहा भी कि जदयू की सीटें भी भाजपा के लिए अहम हैं। भाजपा के ड्राइविंग सीट पर होने का सबसे बड़ा सबूत है कि मुख्यमंत्री रोजगार योजना की शुरूआत प्रधानमंत्री ने की। किसी और राज्य में शायद ही ऐसा हुआ हो कि राज्य सरकार के फंड से और मुख्यमंत्री के नाम से कोई योजना शुरू हो तो उसका उद्घाटन प्रधानमंत्री करें। बिहार में यह भी हुआ है क्योंकि बिहार के जनता दल यू के नेताओं ने भाजपा के सामने सौ फीसदी सरेंडर किया हुआ है। नीतीश कुमार की मानसिक अवस्था बहुत अच्छी नहीं है और उनके आसपास के नेताओं ने किसी मजबूरी में या किसी रणनीति के तहत अपने को भाजपा के सामने सरेंडर कर दिया है। तभी मुख्यमंत्री रोजगार योजना का 10-10 हजार रुपया महिलाओं के खाते में प्रधानमंत्री मोदी ने ट्रांसफर किया। गौरतलब है कि पैसा बिहार का है। उसमें केंद्र का एक रुपया नहीं है। बिहार सरकार कर्ज लेकर महिलाओं को पैसे दे रही है, जिसका ब्याज बिहार के लोगों को चुकाना है। बिहार अभी हर दिन 63 करोड़ रुपया सिर्फ ब्याज चुका रहा है। चुनाव का समय होने के बावजूद केंद्र सरकार से यह नहीं हुआ कि वह अपने खाते से महिलाओं को पैसा दे। बिहार सरकार कर्ज लेकर पैसा दे रही है और वह पैसा बड़े शान से प्रधानमंत्री ट्रांसफर कर रहे हैं। नीतीश को पूरी तरह से किनारे कर दिया गया है। दूसरा संकेत यह कि भाजपा कह रही है कि महिला, मोदी और मंदिर के नाम पर चुनाव लड़ा जाएगा। गौरतलब है कि पिछले दिनों सीतामढ़ की पुनौराधाम में माता जानकी के मंदिर की आधारशिला रखी गई। वह मंदिर भी बिहार सरकार के पैसे से बन रहा है, लेकिन भाजपा और जदयू के नेताओं ने उसका शिलान्यास भी नीतीश कुमार से नहीं कराया। उसके लिए अमित शाह को बुलाया गया। लेकिन पता नहीं भाजपा के नेता समझ रहे हैं या नहीं कि बिहार में मंदिर या धर्म के नाम पर ध्रुवीकरण का मुद्दा नहीं चलता है। इसी तरह मोदी का नाम भी बिहार में ज्यादा नहीं चलेगा। बिहार में नीतीश का नाम चलेगा। जैसे ही नीतीश के हाशिए में जाने का मैसेज बनेगा वैसे ही मतदाता छिटक जाएंगे। महिला मतदाता भी नीतीश के प्रति समर्पित हैं। उनका वोट लेने के लिए भी नीतीश का चेहरा दिखाना होगा। बहरहाल, भाजपा ने धर्मेंद्र प्रधान, केशव प्रसाद मौर्य और सीआर पाटिल को बिहार का चुनाव प्रभारी और सह प्रभारी बनाया है। मोदी और अमित शाह के बाद इन तीन नेताओं का चेहरा बिहार में दिखेगा। इनके मुकाबले जनता दल यू का एक भी चेहरा कहीं नहीं दिख रहा है। जदयू ने खुद भी अपने को पीछे किया है और भाजपा से यहां तक कह दिया है कि तीन छोटी सहयोगी पार्टियों को भाजपा ही मैनेज करे जिस तरह भारतीय जनता पार्टी ने जनता दल यू को किनारे कर एनडीए की ड्राइविंग सीट हथिया ली है उसी तरह विपक्ष के महागठबंधन में कांग्रेस कोशिश में लगी है। कांग्रेस नेताओं के लगातार दौरे हो रहे हैं। कांग्रेस के राहुल गांधी ने बिहार में दो हफ्ते तक वोटर अधिकार यात्रा की। उसके बाद पटना के गांधी मैदान से मार्च निकाला। फिर राहुल गांधी पूरी पार्टी लेकर पटना पहुंच गए। पटना में कांग्रेस के प्रदेश मुख्यालय में कार्य समिति यानी सीडब्लुसी की बैठक हुई। इस बात का हल्ला बना कि 85 साल के बाद कांग्रेस की कार्य समिति पटना में हुई है। इसके दो दिन बाद कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा बिहार पहुंचीं और मोतिहारी में एक बड़ी सभा को संबोधित किया। इस तरह कांग्रेस ने बिहार में बिना जमीनी आधार के पूरा जलवा बनाया है और ऐसा लग रहा है कि महागठबंधन की मुख्य पार्टी वही है।असल में कांग्रेस के नेता अब खुल कर कहने लगे हैं कि महागठबंधन के प्रचार की कमान कांग्रेस के हाथ में होनी चाहिए। इस रणनीति के तहत कांग्रेस के नेता बिहार विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री पद का दावेदार नहीं घोषित कर रहे हैं। उनका कहना है कि जैसे ही नीतीश बनाम तेजस्वी का मुद्दा बनेगा वैसे ही नीतीश कुमार जीत जाएंगे। कांग्रेस समझ रही है कि तेजस्वी के ऊपर राजद के शासन के बैगेज है, जंगल राज का मुद्दा है और खुद उनके ऊपर भी आपराधिक मुकदमा चल रहा है। इसके अलावा कांग्रेस यह भी समझ रही है कि अगर तेजस्वी नेतृत्व करेंगे तो सिर्फ मुस्लिम और यादव का वोट आएगा, लेकिन अगर कांग्रेस चुनाव का नेतृत्व करेगी तो वह ब्राह्मण व दूसरे सवर्णों के साथ दलित वोट भी जोड़ेगी। मुस्लिम व यादव के साथ अगर कुछ दूसरा वोट जुड़ता है तो महागठबंधन की जीत का रास्ता बनेगा अन्यथा इस बार भी गठबंधन विपक्ष में रह जाएगा। हालांकि जैसे एनडीए में जदयू ने सरेंडर किया है वैसे महागठबंधन में सरेंडर के लिए राजद तैयार नहीं है। वह अपनी सीटें भी कम करने को राजी नहीं है।



डॉ. शिल्पा जैन (ज्योतिषाचार्य)

# महानवमी

## 1 अक्तूबर को महानवमी, जानें कन्या पूजन का समय और इससे जुड़े नियम

शारदीय नवरात्रि समाप्ति की ओर है। यह पावन पर्व महानवमी के दिन कन्या पूजन के साथ संपन्न होगा और इसके अगले दिन पूरे उल्लास और श्रद्धा के साथ विजयदशमी मनाई जाएगी। धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक नवरात्रि की अष्टमी और नवमी तिथियों पर कन्या पूजन का विशेष महत्व है। इस दिन घरों में कन्याओं को देवी का स्वरूप मानकर पूजा जाता है और उनके लिए भोज का आयोजन किया जाता है। इससे मां दुर्गा के साथ-साथ सभी देवी-देवताओं की कृपा भी जीवन पर बनी रहती है। यही नहीं कन्या पूजन के प्रभाव से घर-परिवार में समृद्धि, सुख-शांति और सौभाग्य का वास भी होता है। इस वर्ष महानवमी 1 अक्तूबर 2025 को मनाई जाएगी। इस दिन देशभर के देवी मंदिरों में भव्य अनुष्ठान, कन्या पूजन और महाआरती का आयोजन किया जाता है। ऐसे में इस दिन के महत्व और कन्या पूजन के समय को विस्तार से जानते हैं।

***नवमी तिथि पर कन्या पूजन सुबह 4 बजकर 53 मिनट से 5 बजकर 41 मिनट तक कर सकते हैं। सुबह 8 बजकर 6 मिनट से 9 बजकर 50 मिनट के बीच आप कन्या भोज कर सकते हैं।***

इस साल 30 सितंबर 2025 को शाम 6 बजकर 6 मिनट से नवमी तिथि की शुरूआत होगी। इसका समापन 1 अक्तूबर को शाम में 7 बजकर 2 मिनट पर होगा। ऐसे में महानवमी 1 अक्तूबर 2025 को मान्य होगी।

महानवमी पर पूर्वाषाढा नक्षत्र बन रहा है, जो सुबह 8 बजकर 6 मिनट तक रहेगा। इसके बाद उत्तराषाढा नक्षत्र का संयोग बनेगा। हालांकि, इस तिथि पर अतिगण्ड योग रहेगा।

## कन्या पूजन में क्या देना होता है शुभ और क्या है अशुभ

हिंदू धर्म में अष्टमी-नवमी पर कन्या पूजन का विशेष महत्व होता है। मान्यता है कि कन्याएं स्वयं मां दुर्गा का स्वरूप होती हैं, इसलिए उनके पूजन और सेवा से साधक को देवी का आशीर्वाद प्राप्त होता है। साथ ही घर-परिवार में सुख, शांति और समृद्धि का वास भी बना रहता है। इस वर्ष 30 सितंबर को अष्टमी और 1 अक्तूबर को महानवमी मनाई जा रही है। इस खास अवसर पर घरों से लेकर मंदिरों में कन्या भोज कराया जाता है और उन्हें प्रसन्न करने के लिए कुछ उपहार भी भेट किए जाते है। परंतु कन्या पूजन में कुछ चीजों को देने से बचना चाहिए अन्यथा जीवन में नकारात्मकता आ सकती है, साथ ही आपके मंगलकारी परिणाम पर भी इसका प्रभाव पड़ सकता है। ऐसे में आइए जानते हैं कि कन्या पूजन में क्या देना चाहिए और क्या नहीं देना चाहिए।


### कन्या पूजन में न दें ये चीजें

धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक कन्या पूजन में कन्याओं को भूलकर भी कांच से बनी हुई चीजें नहीं देनी चाहिए। यह उचित नहीं होता है।

आप कन्याओं को उपहार में नुकीली चीजें भी न दें। इससे नकारात्मकता आती है।

कन्या पूजन में चमड़े से बनी चीजें जैसे पर्स या जूते न दें। यह अशुभ हो सकता है।

इस दौरान कन्याओं को भूलकर भी काले रंग के वस्त्र, रुमाल या कोई भी चीज न दें। मान्यता है कि इससे सुख-समृद्धि प्रभावित होती है।





ज्योतिषियों के मुताबिक स्टील का संबंध राहु से होता है, इसलिए आप इससे बनी हुई चीजें न दें।

इस दौरान आप लोहे से बने सामान भी कन्याओं को न दें।

### कन्या पूजन में इन चीजों को देना होता है शुभ

धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक कन्याओं को रंगों का डिब्बा, सजने-सवरने और रंग-बिरंगे गुब्बारों के पैक आदि देना शुभ होता है। इससे वह प्रसन्न होती हैं और घर में भी सकारात्मकता आती है। इसके अलावा आप कन्याओं को शिक्षा से जुड़ी सामग्री दे सकती हैं जैसे किताबें, पैन, पैंसिल, बॉक्स, कलरिंग बुक, फल, खिलोने और वस्त्र भी दे सकती हैं। यह शुभ होता है।

ज्योतिष दृष्टि से भी यह तिथि खास है। इस दिन सूर्य और बुध के कन्या राशि में होने से बुधादित्य योग बन रहा है।

**कन्या पूजन के नियम**

मान्यता है कि कन्या पूजन में 2 से 10 वर्ष तक की कन्याओं को शामिल करना चाहिए।

माना जाता है कि कन्या भोज से पहले उनके चरण धोकर उनका आदर करना चाहिए। इससे देवी की विशेष कृपा प्राप्त होती है। धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक कन्या पूजन में हमेशा 9 कन्याएं बैठानी चाहिए। हालांकि, आप इससे अधिक और 3, 5 या 7 कन्याओं को भी भोजन करा सकती हैं। कन्या पूजन में एक लड़के को भी अवश्य भोजन करना चाहिए, जिसे बटुक भैरव भी कहा जाता है। मान्यता है कि यह बहुत शुभ होता है और घर में सुख-समृद्धि आती है। कन्या पूजन में आप हलवा, पूरी, काले चने को अवश्य शामिल करें और अंत में उन्हें कुछ उपहार या रुपए देकर आशीर्वाद लें।




# दुर्गा पूजा पंडाल में गले लगकर काजोल और रानी हुईं इमोशनल

बी-टाउन की 'द बंगाली गर्ल्स' रानी मुखर्जी और काजोल हर साल अपने परिवार के साथ मुंबई में दुर्गा पूजा सेलिब्रेट करते हैं। इस साल भी 27 सितंबर से दोनों कजिन सिस्टर्स ने अपने परिवार के साथ दुर्गा पूजा की शुरूआत धूमधाम से की। मगर इस बीच दोनों बहनें एक-दूसरे से मिलकर इमोशनल हो गईं। दरअसल, दुर्गा पूजा के पहले दिन पंडाल में रानी मुखर्जी और काजोल अपने अंकल देब मुखर्जी की याद में इमोशनल हो गईं। इसी साल 14 मार्च को देब का निधन हो गया था। वह हर साल दुर्गा पूजा पंडाल में शामिल होकर रानी-काजोल संग इसे सेलिब्रेट करते थे। मगर इस बारी रानी और काजोल को उनकी गैर-मौजूदगी खल गई। रानी मुखर्जी और काजोल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है जिसमें दोनों बहनें एक-दूसरे को गले मिलकर इमोशनल हो गईं। वीडियो में देखा जा सकता है कि जैसे ही रानी और काजोल मिलती हैं तो दोनों गले लगा लेती हैं। इस दौरान काजोल की बहन तनीषा मुखर्जी भी शामिल रहीं। रानी के आंखों में इमोशन साफ देखा जा सकता है। रानी और बाकी लोगों से मिलने के तुरंत बाद काजोल अयान मुखर्जी को गले लगा लेती हैं। देब मुखर्जी अयान मुखर्जी के ही पिता थे। वह भी अपने पिता को दुर्गा पूजा सेलिब्रेशन में याद करते हुए नजर आए।



# फिल्म 'द ताज स्टोरी' पर उठे सवाल, परेश रावल ने दिया जवाब

कॉमेडी से लेकर विलेन के रोल तक दिग्गज एक्टर परेश रावल बॉलीवुड में अपनी एक्टिंग का झंडा गाड़ चुके हैं इन दिनों वो अपनी अपकमिंग फिल्म 'द ताज स्टोरी' को लेकर सुर्खियों में हैं इस फिल्म में परेश रावल लीड रोल प्ले करेंगे हालाकि रिलीज से पहले इस फिल्म को लेकर विवाद शुरू हो गया है लेकिन अब एक्टर ने इसे लेकर सब कुछ क्लियर कर दिया है अगले महीने यानी 31 अक्टूबर को फिल्म द ताज स्टोरी देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी बीते दिनों एक्टर ने फिल्म को लेकर एक पोस्ट सोशल मीडिया पर शेयर किया था जिसमें लिखा था, 'आप स्मारक तो जानते हैं, लेकिन क्या आप इसकी कहानी जानते हैं? दुनिया के सबसे खूबसूरत अजूबे के पीछे का सच अब सामने आने वाला है' इस पर सोशल मीडिया पर एक यूजर ने लिखा, 'ताजमहल को तेजो महालय बताने वाली एक प्रोपेगैंडा फिल्म बनाने वाले व्यक्ति का ट्वीट'

### परेश रावल ने क्या लिखा?

सोशल मीडिया पर चल रही बहस के बीच एक्टर ने ट्वीट किया और लिखा, 'फिल्म 'द ताज स्टोरी' के मेकर्स स्पष्ट करते हैं कि यह फिल्म किसी भी धार्मिक मुद्दे से संबंधित नहीं है न ही यह दावा करती है कि ताजमहल के अंदर कोई शिव मंदिर है यह केवल ऐतिहासिक तथ्यों पर केंद्रित है हम आपसे अनुरोध करते हैं कि आप फिल्म देखें और उसके बाद अपनी राय बनाएं'

### कब रिलीज होगी फिल्म?

वहीं इस फिल्म के बारे में बात करें तो इसमें एक्टर परेश रावल के अलावा जाकिर हुसैन, अमृता खानविलकर, स्नेहा वाघ और नमित दास जैसे कलाकार शामिल हैं फिल्म को तुषार अमरीश गोयल ने लिखा है और डायरेक्ट किया है ये फिल्म 31 अक्टूबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी वर्क फ्रंट की बात करें तो एक्टर परेश रावल, आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना की हॉरर कॉमेडी रिलीज 'थम्मा' में भी नजर आएंगे इसमें नवाजुद्दीन सिद्दीकी, मलाइका अरोड़ा और नोरा फतेही भी नजर आएंगी।



# रैंप पर उतरीं ऐश्वर्या राय

## अदाओं पर मिटे फैंस

ऐश्वर्या राय बच्चन ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि वह ग्लैमर और ग्रेस की मिसाल हैं। अभिनेत्री और पूर्व मिस वर्ल्ड ने पेरिस फैशन वीक के दौरान अपनी शानदार उपस्थिति से सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। एक प्रतिष्ठित ग्लोबल ब्यूटी ब्रांड का प्रतिनिधित्व करते हुए, ऐश्वर्या ने हॉलीवुड की कई मशहूर हस्तियों के साथ रैंप वॉक किया और शो में जान फूंक दी। ऐश्वर्या राय के लुक ने लोगों का काफी ध्यान खींचा है। उनका स्टाइल और अंदाज लोगों को पसंद आ रहा है। सामने आए वीडियोज में वो पूरे कॉन्फिडेंस और उत्साह के साथ रैंप पर चलती नजर आ रही हैं।

### रॉयल ब्लैक लुक में दिखीं ऐश्वर्या

रैंप पर ऐश्वर्या ने ब्लैक कलर के एक बेहद एलिगेंट आउटफिट में वॉक किया, जिसकी खास बात हीरे जड़ी आस्तीनें और खूबसूरत कढ़ाई वाली बैक थी। उनके इस लुक को एक बड़े हीरे और पन्ने वाले ब्रोच ने और भी खास बना दिया। उनके क्लासिक रेड लिप्स ने पूरे लुक को एक बोल्ड टच दिया, जिससे वह रॉयल और फैशनेबल दोनों ही नजर आईं।

### मंच पर मस्ती और सुपरमॉडल्स के साथ फोटो सेशन

रैंप वॉक के बाद ऐश्वर्या कई इंटरनेशनल सुपरमॉडल्स और एक्ट्रेसेज के साथ मंच पर नजर आईं। उन्होंने न केवल मस्ती की, बल्कि खूब तस्वीरें भी खिंचवाईं। उनकी सहजता और आत्मविश्वास ने एक बार फिर साबित कर दिया कि वह क्यों एक ग्लोबल आइकन हैं। बैकस्टेज से आए वीडियो में ऐश्वर्या को हेइडी क्लम और अन्य सेलेब्स के साथ बातचीत करते और पोज देते हुए देखा गया। इन बिहाइंड-द-सीन क्लिप्स में उनके प्रोफेशनलिज्म के साथ-साथ उनके कूल और दोस्ताना स्वभाव की भी झलक मिली।

### बेटी आराध्या रही साथ

एक और वीडियो में ऐश को रैंप वॉक का अभ्यास करते देखा गया, जहां उन्होंने एक ओवरसाइज्ड नीले ट्रेंच कोट में एंट्री ली, जिसने उनके वॉक में और ड्रामा जोड़ दिया। इस खास फैशन वीक ट्रिप पर ऐश्वर्या की बेटी आराध्या बच्चन भी उनके साथ रहीं। वीडियो में आराध्या अपनी मां के पीछे-पीछे चलते हुए, उन्हें ध्यान से देखती और उनके फैन्स से मुस्कुराकर मिलती हुई नजर आईं। मां-बेटी की इस बॉन्डिंग ने दिल जीत लिया।

### ईवा लोंगोरिया से मुलाकात

इवेंट के दौरान ऐश अपनी पुरानी दोस्त और अभिनेत्री ईवा लोंगोरिया से भी मिलीं। दोनों को भीड़ में गले मिलते और गर्मजोशी से बात करते हुए देखा गया, जो फैंस के लिए एक ट्रीट था। ऐश्वर्या राय बच्चन पिछले कई सालों से इस लग्जरी ब्यूटी ब्रांड का चेहरा रही हैं और अक्सर अंतरराष्ट्रीय मंचों जैसे फैशन वीक और कान्स फिल्म फेस्टिवल पर भारत का प्रतिनिधित्व करती रही हैं। हर बार की तरह इस बार भी उन्होंने अपने स्टाइल, एलिगेंस और करिश्मा से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# भारत बनाम श्रीलंका मैच से होगा वर्ल्ड कप 2025 का धमाकेदार आगाज

भारत में 30 सितंबर से आईसीसी वूमेन्स ओडीआई वर्ल्ड कप 2025 की शुरुआत होने जा रही है। टूर्नामेंट का पहला मुकाबला भारतीय महिला क्रिकेट टीम और श्रीलंका के बीच खेला जाएगा। टीम इंडिया की निगाहें इस ऐतिहासिक टूर्नामेंट में जीत से अपने अभियान का आगाज करने पर टिकी होंगी। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई में भारतीय टीम 47 साल के लंबे इंतजार के बाद अपना पहला आईसीसी खिताब जीतने के इरादे से मैदान पर उतरेगी। इस बार भारतीय टीम को घरेलू परिस्थितियों का लाभ मिलने की उम्मीद है क्योंकि यह टूर्नामेंट पूरे 12 साल बाद भारत में आयोजित हो रहा है।





नई दिल्ली। आईसीसी रैंकिंग में तीसरे पायदान पर काबिज भारतीय महिला टीम अपने दमदार प्रदर्शन से शुरूआत में ही मजबूत संदेश देना चाहेगी। वहीं, श्रीलंका की टीम भी इस बड़े मंच पर चौंकाने का माद्दा रखती है और भारत को कड़ी चुनौती दे सकती है। आईसीसी महिला वर्ल्ड कप 2025 न सिर्फ खिलाड़ियों बल्कि फैंस के लिए भी बेहद खास होने वाला है। क्रिकेट प्रेमी इस मुकाबले का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं और उम्मीद कर रहे हैं कि भारतीय टीम जीत के साथ टूर्नामेंट की शुरूआत करे। भारतीय महिला क्रिकेट टीम में स्मृति मंधाना, जेमिमा रौड्रिग्स, कप्तान हरमनप्रीत कौर और दीप्ति शर्मा जैसी स्टार खिलाड़ी मौजूद हैं। ऐसे में श्रीलंका की टीम को भारत से पार पाने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ सकती है। श्रीलंका की टीम भारत का सामना करने के बाद ग्रुप स्टेज में अपने अगले 6 मैच अपने घर में खेलेगी।

### दोनों टीमों का स्क्वॉड इस प्रकार है:

**भारत:** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, प्रतिका रावल, हरलीन देयोल, जेमिमा रौड्रिग्स, रिचा घोष, उमा छेत्री, रेणुका सिंह ठाकुर, दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, श्री चरणी, राधा यादव, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़। **श्रीलंका:** चमारी अटापट्टू (कप्तान), हसिनी परेरा, विष्मी गुणरत्ने, हर्षिता समरविक्रमा,कविषा दिलहारी, निलाक्षी डिसिल्वा, अनुष्का संजीवनी, इमेशा दुलानी, डयूमी विहांगा, पियूमी वत्सला, इनोका रणवीरा, सुगंदिका कुमारी, उदेशिका प्रबोधनी, मल्की मडारा, अचिनी कुलसूर्या।

## जीत के साथ सीरीज का आगाज करना चाहेंगे कप्तान श्रेयस अय्यर, ऑस्ट्रेलिया-ए से आज भिड़ंत

**कानपुर।** ग्रीन पार्क स्टेडियम में मंगलवार को भारत ए और आस्ट्रेलिया ए के बीच तीन वनडे सीरीज का पहला मैच खेला जाएगा। इससे पहले सोमवार को खिलाड़ियों ने नेट्स पर फाइनल तैयारी परखी। भारतीय टीम के कप्तान श्रेयस अय्यर ने रियान पराग व प्रियांश के साथ जमकर बल्लेबाजी की। वहीं आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी दूसरे दिन भी ग्रीन पार्क की पिच पर स्पिन के फेर को समझने में जुटे रहे। दूधिया रोशनी में नेट्स पर उतरे भारतीय कप्तान श्रेयस के साथ बल्लेबाज प्रियांश आर्य, रियान पराग, अभिषेक पोरल, सूर्यांश व प्रभसिमरन सिंह ने करीब एक घंटे तक बल्लेबाजी का अभ्यास किया। युवा ब्रिग्रेड में शामिल श्रेयस, रियान व रवि विश्नोई का अनुभव भारतीय ए टीम के काम आएगा। लंबी बैटिंग के बाद श्रेयस ने अंतिम एकादश के चयन के लिए कोच ऋषिकेश व सुनील जोशी के साथ चर्चा की। दूसरी ओर गेंदबाजी में रवि विश्नोई, सूर्यांश, विप्रराज निगम ने भी कड़ा अभ्यास किया।



## हारिस रऊफ पर भड़के वसीम अकरम, भारत के खिलाफ 'रन मशीन गेंदबाज' बताया

**दुबई।** पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर वसीम अकरम तेज गेंदबाज हारिस रऊफ के प्रदर्शन से नाखुश हैं, जिन्होंने भारत के खिलाफ खिताबी मैच में 50 रन लुटाए। अकरम ने उन्हें 'रन मशीन गेंदबाज' तक बता दिया है। अकरम ने कहा, दुर्भाग्य से रऊफ एक गेंदबाज के तौर पर 'रन मशीन' हैं, खासकर भारत के खिलाफ। सिर्फ मैं उनकी आलोचना नहीं कर रहा, बल्कि पूरा देश उनकी आलोचना कर रहा है, और वह रेड बॉल क्रिकेट भी नहीं खेलते। वह नहीं सुधरेंगे। अगर वह टेस्ट नहीं खेलेंगे, तो आप अपनी टीम में ऐसा खिलाड़ी नहीं चाहेंगे, जो टेस्ट क्रिकेट खेलने से इनकार करे।

अकरम ने कहा, उनके पास नियंत्रण नहीं है, क्योंकि वह रेड बॉल से क्रिकेट नहीं खेलते। इसके बारे में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को सोचना होगा। अगर आप अपनी गेंदबाजी की लेंथ सुधारना चाहते हैं, तो आपका रन-अप भी स्मूद होना चाहिए। उनका रन-अप उतना स्मूद नहीं है। मैं वकार यूनुस से बात कर रहा था और मैंने पूछा कि वह पिछले चार-पांच साल से खेल रहे हैं, फिर भी उनका रन-अप क्यों नहीं सुधरा? उन्होंने कहा कि वो रेड-बॉल क्रिकेट खेलते ही नहीं हैं।

भारत ने पाकिस्तान को दुबई में खेले गए खिताबी मुकाबले में 5 विकेट से हराकर एशिया कप खिताब अपने नाम कर लिया है। पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तानी टीम 19.1 ओवरों में 146 रन पर सिमट गई। इसके जवाब में भारत ने 19.4 ओवरों में पांच विकेट शेष रहते मुकाबला अपने नाम कर लिया।

तिलक वर्मा भारत की जीत के हीरो रहे, जिन्होंने 53 गेंदों में 4 छक्कों और 3 चौकों की मदद से 69 रन की नाबाद पारी खेली। भारत ने एशिया कप के इस संस्करण में पाकिस्तान को लगातार तीन मुकाबलों में शिकस्त दी है।

## मंगलवार, 30 सितम्बर राशिफल

मेष राशि के जातको के लिए आज मंगलवार का दिन मंगलकारी रहेगा। आपकी लाइफ में कुछ सकारात्मक बदलाव हो सकता है। भाई बहनों की सलाह से आज आपको फायदा हो सकता। सरकारी काम में आपको आज फायदा मिल सकता है।

वृषभ राशि के लोगों के लिए आज का दिन कामकाज के लिहाज से मिलाजुला रहेगा। लेकिन आप अपनी समझदारी और चतुराई से स्थिति को अनुकूल बना पाएंगे। आपको आर्थिक लाभ भी मिलेग। नौकरी में आपका प्रभाव और सम्मान बढेगा।

मिथुन राशि के लिए आज सितारे बताते हैं कि, आज आपके शत्रु प्रबल होंगे। वे आपके काम में रुकावट डालने की कोशिश कर सकते हैं। वैसे आज का दिन घर परिवार के मामले में अनुकूल रहेगा। आपको आज परिवार से पूरा सपोर्ट मिलेगा। जीवनसाथी की ओर से आप सहयोग पाएंगे।

कर्क राशि के जातको के लिए आज का दिन लाभदायक होगा। आपको कारोबार व्यापार में लाभ का मौका मिलेगा। आप आज सरकारी योजनाओं का भी लाभ ले पाएंगे। आपको आज कुछ उन्नतिदायक अवसर मिलेंगे लेकिन आपको अवसर को पहचानना होगा।

सिंह राशि के जातको के लिए आज सितारे बताते है कि आपको नौकरी कारोबार में उन्नति का मौका मिलेगा आपमे आज नई ऊर्जा और उत्साह का संचार होगा। किसी वरिष्ठ और अनुभवी व्यक्ति का मार्गदर्शन आपको प्राप्त हो सकता है।

कन्या राशि के जातको के लिए आज का दिन कुल मिलाकर अनुकूल रहेगा। आज आपको परिवार के सदस्यों से पूरा सहयोग और समर्थन मिलेगा। किसी सगे संबंधी से मिलने का आज संयोग बन सकता है। जो लोग घर परिवार से दूर रह रहे हैं।

तुला राशि के लोगों के लिए आज मंगलवार का दिन शुभ रहेग। कार्यक्षेत्र में आज आपको कोई लाभदायक अवसर मिलेगा। सामाजिक कार्यों में भाग लेने से आपका प्रभाव और सम्मान बढेगा। आपके शत्रु और विरोधी शांत रहेंगे।

वृश्चिक राशि के जातको के लिए आज का दिन सामान्य रूप से अच्छा रहेगा। आपको आज आर्थिक योजनाओं में गंभीरता से काम लेने की जरूरत है। कुछ अचानक बनने वाली स्थिति की वजह से आपका धन आज खर्च हो सकता है। आपको किसी मित्र या सगे संबंधी की आज मदद करनी होगी।

धनु राशि के जातको के लिए आज का दिन महत्वपूर्ण रहने वाला है। आपका कोई महत्वपूर्ण काम आज पूरा हो सकता है। आपको आज अपनी आर्थिक योजनाओं का लाभ मिलेगा। आपका पैसा कहीं फंसा है तो आज उसकी वसूली हो सकती है।

मकर राशि के जातको के लिए आज का दिन कुल मिलाकर अनुकूल रहेगा। आपको आज सगे संबंधियों और मित्रों के साथ वक्त बिताने का मौका मिलेगा। आपको पूर्व में किए गए काम के लिए भी सम्मानित किया जा सकता है।

कुंभ राशि के लिए आज सितारे बताते हैं कि आपको आज करियर कारोबार में सकारात्मक परिणाम प्राप्त होगा। आपको आज वैवाहिक जीवन मे भी सुख और सहयोग मिलेगा। लंबे समय से अगर आप कोई प्रॉपर्टी खरीदना चाह रहे हैं तो आज का दिन उसके लिए अच्छा रहेगा।

मीन राशि के लिए आज का दिन कामकाज और कारोबार के लिहाज से मिलाजुला रहेगा। पारिवारिक जीवन में आज आपको जीवनसाथी की भावनाओं को समझना होगा और उनको वस्त्र अथवा उपहार देना होगा। आपके बीच चल रहा तनाव भी आज दूर होगा।



डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

# ये दिल का मामला है...

## विश्व हृदय दिवस पर विश्वविद्यालय में लगा स्वास्थ्य जांच शिविर

- सेवा पखवाडा के तहत ओपीडी ऑन व्हील्स की गई निःशुल्क जांच
- सामुदायिक रेडियो आगरा की आवाज का आयोजन में रहा योगदान

एनएनआई

**आगरा।** अपने दिल को खुश रखना जरूरी है, लेकिन आज की भागदौड भरी लाइफ में खुद के लिए समय निकालना थोडा मुश्किल हो जाता है। इन दिनों युवाओं में भी हार्टअटैक जैसी स्थिति देखने को मिल रही है। सोमवार को विश्व हृदय दिवस पर डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय में ओपीडी ऑन व्हील्स पहल के तहत हृदय रोगों के प्रति जागरूकता और उनकी रोकथाम विषय पर निःशुल्क जांच शिविर लगाया गया।

शिविर का आयोजन विश्वविद्यालय आरोग्य केंद्र और सामुदायिक रेडियो आगरा की आवाज की पहल पर सीएमओ आगरा के सहयोग से किया गया। शिविर में कुल 111 छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और कर्मचारियों की स्वास्थ्य जांच की गई। इस मौके पर डिप्टी सीएमओ और एनपीपीसीडी के नोडल अधिकारी डॉ. पियूष जैन और विशेषज्ञ चिकित्सकों ने छात्रों और शिक्षकों स्वस्थ हृदय रखने के उपाय, संतुलित जीवनशैली, आहार और नियमित जांच के बारे में जानकारी दी गई।




भविष्य में भी विश्वविद्यालय परिवार की भलाई के लिए इस तरह के स्वास्थ्य शिविर निरंतर आयोजित किए जाएंगे। विश्व हृदय दिवस पर शिविर में छात्रों और स्टाफ के लोगों की हृदय जांच की गई।

**अजय मिश्रा, कुलसचिव, डीबीआरए**

ऐसे शिविर विश्वविद्यालय परिवार को न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक रूप से भी स्वस्थ रखने में सहायक हैं। आयोजन टीम और स्वास्थ्य विभाग का आभार की पात्र है।

**प्रो. आशु रानी, कुलपति, भीमराव आम्बेडकर विश्व विद्यालय**

डॉ. पियूष जैन ने बताया कि हृदय रोग से बचाव, जागरूकता और समय पर जांच से ही संभव है। सह-संयोजक पूजा सक्सेना ने बताया कि सामुदायिक रेडियो आगरा की आवाज का उद्देश्य केवल सूचना देना नहीं बल्कि समाज और छात्रों को जोड़ते हुए सेवा करना भी है। शिविर में विश्वविद्यालय आरोग्य केंद्र के प्रभारी प्रो. बृजेश रावत का विशेष सहयोग रहा।

इस दौरान फामेर्सी विभाग के छात्र-छात्राओं ने रेडियो वालंटियर के रूप में सक्रिय सहयोग दिया। साथ ही स्वास्थ्य सेवा प्रक्रियाओं को नजदीक से समझा।

